
# अपने राज्य में मतदान करने के लिए इस पोस्टकार्ड फॉर्म और निर्देशिका का प्रयोग करके पंजीकरण कराएं



## अमेरिकी नागरिकों के लिए

# सामान्य निर्देश

**इस आवेदन का प्रयोग कौन कर सकता है**
यदि आप एक ऐसे अमेरिकी नागरिक हैं जो अमेरिकी निवासी हैं अथवा आपके पास अमेरिका का पता है तो आप इस पुस्तिका में दिए गए आवेदन का प्रयोग कर सकते हैं:

- अपने राज्य में मतदान के लिए पंजीकरण करें,
- नाम बदलने पर अपने मतदाता पंजीकरण कार्यालय को सूचित करें
- पते बदलने पर अपने मतदाता पंजीकरण कार्यालय को सूचित करें, अथवा
- किसी राजनीतिक पार्टी के साथ पंजीकरण कराएं।

**अपवाद**
यदि आप अमेरिका तथा इनके प्रदेशों के बाहर रहते हैं और इस देश में आपके घर (वैध) का कोई पता नहीं है, अथवा यदि आप सेना में हैं और घर से दूर तैनात किए गए हैं तो कृपया इस आवेदन का प्रयोग न करें। सैन्य अड्डों, अमेरिकी दूतावासों, वाणिज्य दूत कार्यालयों में आपके लिए उपलब्ध संघीय पोस्टकार्ड आवेदन का प्रयोग करें।

**न्यू हैम्पशायर** नगर और शहर के क्लर्क इस आवेदन को केवल अपनी अनुपस्थित मतदाता डाक द्वारा पंजीकरण फॉर्म के अनुरोध के रूप में स्वीकार करेंगे।
**नॉर्थ डेकोटा** में मतदाता पंजीकरण नहीं है।
**व्योमिंग** कानून के तहत डाक द्वारा पंजीकरण की अनुमति नहीं है।

**कैसे पता लगाएं कि आप अपने राज्य में मतदान के लिए पंजीकरण कराने के पात्र हैं**
प्रत्येक राज्य के अपने-अपने कानून हैं कि कौन पंजीकरण और मतदान कर सकता है। राज्य निर्देश के तहत अपने राज्य के कानून के बारे में पता करें। सभी राज्यों के लिए अपेक्षित है कि संघीय और राज्य चुनावों में मतदान हेतु पंजीकरण कराने के लिए आप जन्म से या देशीकरण द्वारा अमेरिकी नागरिक हों। संघीय कानून के अनुसार किसी भी संघीय, राज्य या स्थानीय चुनाव में मतदान हेतु पंजीकरण कराने के लिए अमेरिकी नागरिकता का झूठा दावा करना गैरकानूनी है। आपको एक समय में एक से अधिक जगह मतदान करने के लिए पंजीकृत नहीं किया जा सकता है।

**इस आवेदन को कैसे भरें**
आवेदन भरने में मार्गदर्शन के लिए, आवेदन निर्देश और राज्य निर्देश दोनों का प्रयोग करें।

- सबसे पहले, आवेदन के निर्देशों को पढ़ें। ये निर्देश आपको महत्वपूर्ण जानकारी देंगे जो इस आवेदन का प्रयोग करने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर लागू होता है।
- इसके बाद, राज्य निर्देश के तहत अपने राज्य को खोजें। बॉक्स 6, 7 को भरने के लिए इन निर्देशों का प्रयोग करें तथा मतदाता पात्रता एवं बॉक्स 9 हेतु आवश्यक किसी शपथ के बारे में जानकारी के लिए इन निर्देशों को देखें।

**मतदान के लिए कब पंजीकरण कराना है**
प्रत्येक राज्य ने मतदान हेतु पंजीकरण कराने के लिए अपनी अंतिम तिथि निर्धारित की है। इस पुस्तिका के अंतिम पेज पर अपने राज्य के लिए निर्धारित अंतिम तिथि देखें।

**अपना आवेदन कैसे प्रस्तुत करें**
आप अपने आवेदन को राज्य निर्देश के तहत अपने राज्य के लिए निर्धारित सूचीबद्ध पते पर डाक द्वारा भेज दें, अथवा अपना आवेदन व्यक्तिगत रूप से अपने स्थानीय मतदाता पंजीकरण कार्यालय में जमा कराएं। जिन राज्यों में राष्ट्रीय फॉर्म स्वीकार किया जाता है, वे कंप्यूटर आकृति से सामान्य कागज पर प्रिंट की हुई, आवेदक द्वारा हस्ताक्षरित, आवेदन की प्रतियां स्वीकार करेंगे जिसे सही डाक टिकट के साथ लिफाफे में भेजी गई हों।

**डाक द्वारा पंजीकरण कराने वाले पहली बार के मतदाता**
यदि आप अपने अधिकार क्षेत्र में पहली बार मतदान करने के लिए पंजीकरण करा रहे हैं और इस पंजीकरण आवेदन को डाक से भेज रहे हैं तो आपको संघीय कानून के अनुसार, पहली बार मतदान करने के लिए पहचान प्रमाण दिखाने की आवश्यकता होगी। पहचान के प्रमाणों में शामिल हैं:

- कोई वर्तमान और वैध फोटो पहचान, अथवा
- कोई वर्तमान उपयोगिता बिल, बैंक स्टेटमेंट, सरकारी चेक, वेतन चेक या सरकारी दस्तावेज़ जिसमें आपका नाम और पता हो।

यदि मतदाता पंजीकरण फॉर्म में आप अपने मेल के साथ इस पहचान की कोई **प्रतिलिपि** जमा कराते हैं तो वे इस अनिवार्यता से मुक्त हो सकते हैं। यदि आप कोई **प्रतिलिपि** जमा करना चाहते हैं तो कृपया निम्नलिखित बातों का ध्यान रखें:

- आपके राज्य की अतिरिक्त पहचान आवश्यकताएं हो सकती हैं, जिनके लिए आपका मतदान स्थल पर पहचान दिखाना अनिवार्य हो सकता है, भले ही आप पहचान के संघीय प्रमाण को पूरा करते हों।
- इस आवेदन के साथ मूल दस्तावेज़ प्रस्तुत न करें, केवल **प्रतिलिपियां** जमा करें।

**यदि यह आवेदन आपको किसी राज्य एजेंसी या सार्वजनिक कार्यालय में दिया गया हो**
यदि यह आवेदन आपको किसी राज्य एजेंसी या सार्वजनिक कार्यालय में दिया गया है तो इसका प्रयोग करना आपके चयन पर निर्भर करता है। यदि आप मतदान हेतु पंजीकरण कराने के लिए इस आवेदन के प्रयोग करने का फैसला करते हैं तो आप इसे भर सकते हैं और इसे राज्य एजेंसी या सार्वजनिक कार्यालय के पास छोड़ सकते हैं। आपके लिए आवेदन जमा कर दिया जाएगा। अथवा, आप इसे अपने साथ ले जाकर राज्य निर्देश में अपने राज्य के तहत सूचीबद्ध पते पर डाक द्वारा भेज सकते हैं। आप इसे अपने साथ ले जाकर अपने स्थानीय मतदाता पंजीकरण कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से भी जमा कर सकते हैं।
ध्यान दें: आपने जिस राज्य एजेंसी या सार्वजनिक कार्यालय से आवेदन प्राप्त किया है, उसका नाम और स्थान गोपनीय रहेगा। यह आपके आवेदन पर दिखाई नहीं देगा। इसके अलावा, यदि आप मतदान हेतु पंजीकरण कराने के लिए इस आवेदन का प्रयोग नहीं करने का फैसला करते हैं तो यह निर्णय भी गोपनीय रहेगा। इससे

# आवेदन हेतु निर्देश

फॉर्म भरने से पहले, कृपया फॉर्म के ऊपर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें कि क्या आप अमेरिकी नागरिक हैं और क्या आप चुनाव के दिन या उससे पहले 18 साल के हो जाएंगे। यदि इन दोनों प्रश्नों में से किसी के लिए आपका उत्तर नहीं हैं तो आप मतदान हेतु पंजीकरण कराने के लिए इस फॉर्म का प्रयोग नहीं भी कर सकते हैं। हालांकि, राज्य विशेष निर्देश 18 साल से पहले मतदान हेतु पंजीकरण कराने के लिए पात्रता पर अतिरिक्त जानकारी प्रदान कर सकता है।

**बॉक्स 1 — नाम**
इस बॉक्स में अपना पूरा नाम इस क्रम में लिखें — अंतिम, प्रथम, मध्यम। उपनामों या प्रथमाक्षरों का प्रयोग न करें।
*ध्यान दें:* यदि यह आवेदन, नाम में किसी परिवर्तन के लिए है तो कृपया हमें **बॉक्स A** (*फॉर्म के नीचे के आधे हिस्से*) में नाम बदलने से पहले के अपने पूरे नाम की जानकारी दें।

**बॉक्स 2 — घर का पता**
इस बॉक्स में अपने घर का पता (वैध पता) लिखें। यदि आपका डाक पता आपके घर के पते से अलग है तो उसे यहां **न** लिखें। किसी डाकघर बॉक्स या बिना बॉक्स नंबर के ग्रामीण मार्ग का प्रयोग **न** करें। मार्ग नंबर के प्रयोग से संबंधित नियमों के लिए राज्य-विशिष्ट निर्देशों को देखें।

*ध्यान दें:* यदि आप पहले पंजीकृत थे, लेकिन बॉक्स 2 में लिखे पते पर पहली बार पंजीकरण करा रहे हैं तो कृपया **बॉक्स B** (*फॉर्म के नीचे के आधे हिस्से*) में हमें उस पते के बारे में बताएं जहां से आप पहले पंजीकृत थे। आपको जितना ज्यादा से ज्यादा पता याद है, कृपया हमें बताएं।

*इस पर भी ध्यान दें:* यदि आप किसी ग्रामीण इलाके में रहते हैं, लेकिन कोई स्ट्रीट का पता नहीं है, अथवा यदि आपके पास कोई पता नहीं है तो कृपया बॉक्स C (*फॉर्म के निचले हिस्से*) में दिए गए नक्शे का प्रयोग कर दिखाएं कि आप कहां रहते हैं।

**बॉक्स 3 — डाक पता**
यदि आप किसी ऐसे पते पर डाक प्राप्त करते हैं जो बॉक्स 2 में दिए गए पते से अलग है तो आप इस बॉक्स में अपना डाक पता लिखें। यदि बॉक्स 2 में आपका कोई पता नहीं है तो आप बॉक्स 3 में एक ऐसा पता **जरूर** लिखें जहां आपसे डाक द्वारा संपर्क किया जा सकता है।

**बॉक्स 4 — जन्मतिथि**
इस बॉक्स में अपनी जन्मतिथि इस क्रम में लिखें — माह, दिन, साल। *सावधान रहें कि वर्तमान तिथि का प्रयोग न हो!*

**बॉक्स 5 — टेलीफोन नंबर**
आपके आवेदन के बारे में कोई प्रश्न होने पर अधिकांश राज्य आपका टेलीफोन नंबर पूछते हैं। हालांकि, आपको इस बॉक्स को भरने की आवश्यकता नहीं है।

**बॉक्स 6 — पहचान नंबर**
संघीय कानून के अनुसार, राज्यों को पंजीकरण कराने वाले प्रत्येक लोग से कोई पहचान नंबर प्राप्त करना जरूरी है। आप अपने राज्य के लिए स्वीकार्य पहचान नंबर से संबंधित जानकारी हेतु आइटम नंबर 6 के लिए अपने राज्य के विशेष निर्देशों को अवश्य देखें। यदि आपके पास न तो चालक लाइसेंस है और न ही कोई सामाजिक सुरक्षा नंबर है तो कृपया इसे अपने फॉर्म पर सूचित करें और आपके राज्य द्वारा आपको एक नंबर निर्दिष्ट किया जाएगा।

**बॉक्स 7 — पार्टी का चयन**
कुछ राज्यों में, यदि आप किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव, गुट बैठक या सम्मेलन में हिस्सा लेना चाहते हैं तो आपको उस पार्टी के साथ पंजीकरण कराना होगा। अपने राज्य की जरूरतों के बारे में पता करने के लिए, आपके राज्य के अंतर्गत दिए गए निर्देशों में आइटम 7 देखें।

यदि आप किसी पार्टी के साथ पंजीकरण कराना चाहते हैं तो बॉक्स में अपनी पसंद की पार्टी का पूरा नाम लिखें।

यदि आप किसी पार्टी के साथ पंजीकरण नहीं कराना चाहते हैं तो "कोई पार्टी नहीं" लिखें अथवा बॉक्स को खाली छोड़ दें। यदि आपका मतलब "कोई पार्टी नहीं" है तो कृपया "स्वतंत्र" शब्द न लिखें, क्योंकि इससे आपके राज्य की किसी राजनीतिक पार्टी के नाम के साथ भ्रम पैदा हो सकता है।

*ध्यान दें:* यदि आप किसी पार्टी के साथ पंजीकरण नहीं कराते हैं, फिर भी आप आम चुनाव और पार्टी रहित (गैर-पार्टी) प्राथमिक चुनाव में मतदान कर सकते हैं।

**बॉक्स 8 — नस्ल या जातीय समूह**
कुछ राज्य संघीय मतदान अधिकार अधिनियम को प्रशासित करने के लिए आपकी नस्ल या जातीय समूह के बारे में पूछते हैं। यह पता लगाने के लिए कि क्या आपका राज्य इस जानकारी के लिए पूछता है तो अपने राज्य के अंतर्गत दिए गए निर्देश में आइटम 8 देखें। यदि हां, तो नीचे दी गई सूची में से आपका सर्वोत्तम वर्णन करने वाले विकल्प का चयन कर बॉक्स 8 में लिखें:

- अमेरिकी भारतीय *या* अलास्का के मूल निवासी
- एशियाई *या* प्रशांत द्वीप वासी
- काले, *गैर*-हिस्पैनिक मूल
- हिस्पैनिक (लातिन अमेरिकी)
- बहुजातीय
- गोरे, *गैर*-हिस्पैनिक मूल
- अन्य

**बॉक्स 9 — हस्ताक्षर**
आपके राज्य के अंतर्गत दिए गए निर्देशों में आइटम 9 में दी गई जानकारी की समीक्षा करें। अपना हस्ताक्षर करने या चिह्न लगाने से पहले, सुनिश्चित करें कि:

(1) आप अपने राज्य की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, और
(2) आप बॉक्स 9 की **सभी** बातों को समझते हैं।

अंत में, आप अपने **पूरे** नाम सहित हस्ताक्षर करें या अपना चिह्न लगाएं और आज की तिथि इस क्रम में लिखें — माह, दिन, साल। यदि आवेदक हस्ताक्षर करने में असमर्थ है तो **बॉक्स D** में आवेदक की मदद करने वाले व्यक्ति का नाम, पता और टेलीफोन नंबर (वैकल्पिक) लिखें।

# मतदाता पंजीकरण आवेदन

**Before completing this form, review the General, Application, and State specific instructions.**

**इस फॉर्म को पूरा करने से पहले, समान्य, आवेदन और राज्य वशिष नर्दिेशों की समीक्षा करें।**

**PLEASE PROVIDE YOUR RESPONSES IN ENGLISH. / कृपया अपना जवाब अंग्रेजी में दें।**

| | | |
|---|---|---|
| Are you a citizen of the United States of America?<br>क्या आप एक अमेरिकी नागरिक हैं? ▢ | Will you be 18 years old on or before election day?<br>क्या आप चुनाव के दिन या उससे पहले 18 साल के हो जाएंगे? ▢ | This space for office use only. /<br>यह स्थान केवल कार्यालयी प्रयोग के लिए है। |

If you check “No” in response to either of these questions, do not complete form.
यदि आपने इन सवालों में किसी का भी जवाब में “नहीं” को चह्निति किया है तो कृपया फॉर्म को पूरा नहीं करें।
(Please see state-specific instructions for rules regarding eligibility to register prior to age 18.)
(18 साल से पहले पंजीकरण कराने हेतु पात्रता से संबंधति नियमों के लिए, कृपया राज्य-वशिष नर्दिेश देखें।)

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ▢ | Last Name / अंतिम नाम | First Name / पहला नाम | Middle Name(s) / मध्यम नाम | ▢ | |
| 2 | Home Address / घर का पता | Apt. or Lot # / अपार्टमेंट या लॉट नं. | City/Town / शहर/नगर | State / राज्य | Zip Code / ज़िप कोड | |
| 3 | Address Where You Get Your Mail If Different From Above / यदि ऊपर दिए गए पता से अलग है तो वह पता जिस पर आप डाक प्राप्त करते हैं | | City/Town / शहर/नगर | State / राज्य | Zip Code / ज़िप कोड | |
| 4 | Date of Birth/ जन्मतिथि<br>Month / माह Day / दिन Year / साल | 5 | Telephone Number (optional) / टेलीफोन नंबर (वैकल्पिक) | 6 | ID Number (See Item 6 in the instructions for your state) /<br>पहचान नंबर — (आपके राज्य के लिए दिए गए नर्दिेशों में आइटम 6 देखें) | |
| 7 | Choice of Party (see item 7 in the instructions for your State) /<br>पार्टी का चयन (आपके राज्य के लिए दिए गए नर्दिेशों में आइटम 7 देखें) | 8 | Race or Ethnic Group (see item 8 in the instructions for your State) /<br>नस्ल या जातीय समूह (आपके राज्य के लिए दिए गए नर्दिेशों में आइटम 8 देखें) | | | |

**9**

I have reviewed my state’s instructions and I swear/affirm that: /
मैंने अपने राज्य के नर्दिेशों की समीक्षा की है और मैं शपथ लेता/दृढ़ता से कहता हूं कि:

- I am a United States citizen. / मैं एक अमेरिकी नागरिक हूं
- I meet the eligibility requirements of my state and subscribe to any oath required. / मैं अपने राज्य के लिए जरूरी योग्यता को पूरा करता हूं और किसी भी आवश्यक शपथ की प्रतिज्ञा करता हूं।
- The information I have provided is true to the best of my knowledge under penalty of perjury. If I have provided false information, I may be fined, imprisoned, or (if not a U.S. citizen) deported from or refused entry to the United States. / जो भी जानकारी मैंने प्रदान की है, झूठी गवाही के दंड के अंतर्गत मेरी जानकारी के अनुसार सही है। यदि मैंने झूठी जानकारी उपलब्ध कराई है तो मुझ पर जुर्माना लगाया जा सकता है, मुझे कैद किया जा सकता है, अथवा (अमेरिकी नागरिक न होने पर) अमेरिका से निकाला या प्रवेश पर रोक लगाया जा सकता है।

Please sign full name (or put mark) / कृपया पूरे नाम सहित हस्ताक्षर करें (अथवा निशान लगाएं)

Date / तिथि: Month / माह Day / दिन Year / साल

**If you are registering to vote for the first time:** please refer to the application instructions for information on submitting copies of valid identification documents with this form.
**यदि आप पहली बार मतदान करने के लिए पंजीकृत करा रहे हैं:** इस फॉर्म के साथ वैध पहचान दस्तावेजों की प्रतियां प्रस्तुत करने के बारे में जानकारी के लिए, कृपया आवेदन नर्दिेशों को देखें।

## *Please fill out the sections below if they apply to you.*
## *कृपया नीचे दिए गए स्थानों को भरें यदि वे आप पर लागू होते हैं।*

If this application is for a **change of name**, what was your name before you changed it? / यदि यह आवेदन **नाम में परविर्तन** के लिए है तो इसे बदलने से पहले आपका नाम क्या था?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| A | ▢ | Last Name / अंतिम नाम | First Name / पहला नाम | Middle Name(s) / मध्यम नाम | ▢ |


If you were **registered before but this is the first time you are registering from the address in Box 2**, what was your address where you were registered before?
यदि आप **पहले से पंजीकृत हैं, लेकिन यह पहली बार है जब आप बॉक्स 2 के पते से पंजीकरण करा रहे हैं** तो आपका पता क्या था, जहां आप पहले से पंजीकृत थे?


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| B | Street (or route and box number) / गली (या मार्ग तथा बॉक्स नंबर) | Apt. or Lot # / अपार्टमेंट या लॉट # | City/Town/County / शहर/नगर/काउंटी | State / राज्य | Zip Code / ज़िप कोड |

If you live in a rural area but do not have a street number, or if you have no address, please show on the map where you live.
यदि आप किसी ग्रामीण क्षेत्र में रहते हैं, लेकिन गली नंबर नहीं है, अथवा यदि आपका कोई पता नहीं है तो जहां आप रहते हैं, कृपया उसे नक्शे पर दिखाएं।

**C**

- Write in the names of the crossroads (or streets) nearest to where you live. / जहां आप रहते हैं उसके निकटतम चौराहे (या गलियों) का नाम लिखें।
- Draw an X to show where you live. / जहां आप रहते हैं उसे दिखाने के लिए X अंकित करें।
- Use a dot to show any schools, churches, stores, or other landmarks near where you live, and write the name of the landmark. / किसी भी स्कूल, चर्च, स्टोर, या अन्य स्थान-चिह्नों जिसके समीप आप रहते हैं, को दिखाने के लिए बिंदी (.) का प्रयोग करें और स्थान-चिह्न का नाम लिखें।




If the applicant is unable to sign, who helped the applicant fill out this application? Give name, address and phone number (phone number optional).
यदि आवेदक हस्ताक्षर करने में असमर्थ है तो इस आवेदन को भरने में आवेदक की मदद किसने की है? उसका नाम, पता और फोन नंबर (फोन नंबर वैकल्पिक है) दें।

| | |
|---|---|
| D | |

**Mail this application to the address provided for your State.**
**आपके राज्य के लिए प्रदान किए गए पते पर इस आवेदन को भेजें।**

# FOR OFFICIAL USE ONLY

FIRST CLASS STAMP NECESSARY FOR MAILING

OFFICIAL ELECTION MAIL
Authorized by the U.S. Postal Service ®

# मतदाता पंजीकरण आवेदन

**Before completing this form, review the General, Application, and State specific instructions.**

**इस फॉर्म को पूरा करने से पहले, समान्य, आवेदन और राज्य विशेष निर्देशों की समीक्षा करें।**

**PLEASE PROVIDE YOUR RESPONSES IN ENGLISH. / कृपया अपना जवाब अंग्रेजी में दें।**

| | |
|---|---|
| Are you a citizen of the United States of America? / क्या आप एक अमेरिकी नागरिक हैं? ☐ Yes / हां ☐ No / नहीं<br>Will you be 18 years old on or before election day? / क्या आप चुनाव के दिन या उससे पहले 18 साल के हो जाएंगे? ☐ Yes / हां ☐ No / नहीं<br>**If you check "No" in response to either of these questions, do not complete form.**<br>**यदि आपने इन सवालों में किसी का भी जवाब में "नहीं" को चिह्नित किया है तो कृपया फॉर्म को पूरा नहीं करें।**<br>(Please see state-specific instructions for rules regarding eligibility to register prior to age 18.)<br>(18 साल से पहले पंजीकरण कराने हेतु पात्रता से संबंधित नियमों के लिए, कृपया राज्य-विशिष्ट निर्देश देखें।) | This space for office use only. / यह स्थान केवल कार्यालयी प्रयोग के लिए है। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (Circle one) / (किसी एक पर गोला लगाएं) Mr. / श्री Mrs. / श्रीमती Miss / सुश्री Ms. / सुश्री | Last Name / अंतिम नाम | First Name / पहला नाम | Middle Name(s) / मध्यम नाम | (Circle one) / (किसी एक पर गोला लगाएं) जूनि. सीनि. II III IV |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | Home Address / घर का पता | Apt. or Lot # / अपार्टमेंट या लॉट नं. | City/Town / शहर/नगर | State / राज्य | Zip Code / ज़िप कोड |
| 3 | Address Where You Get Your Mail If Different From Above / यदि ऊपर दिए गए पता से अलग है तो वह पता जिस पर आप डाक प्राप्त करते हैं | | City/Town / शहर/नगर | State / राज्य | Zip Code / ज़िप कोड |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | Date of Birth/ जन्मतिथि<br>Month / माह Day / दिन Year / साल | 5 | Telephone Number (optional) / टेलीफोन नंबर (वैकल्पिक) | 6 | ID Number (See Item 6 in the instructions for your state) / पहचान नंबर — (आपके राज्य के लिए दिए गए निर्देशों में आइटम 6 देखें) |
| 7 | Choice of Party (see item 7 in the instructions for your State) / पार्टी का चयन (आपके राज्य के लिए दिए गए निर्देशों में आइटम 7 देखें) | 8 | Race or Ethnic Group (see item 8 in the instructions for your State) / नस्ल या जातीय समूह (आपके राज्य के लिए दिए गए निर्देशों में आइटम 8 देखें) | | |

**9** I have reviewed my state's instructions and I swear/affirm that: / मैंने अपने राज्य के निर्देशों की समीक्षा की है और मैं शपथ लेता/दृढ़ता से कहता हूं कि:

- I am a United States citizen. / मैं एक अमेरिकी नागरिक हूं
- I meet the eligibility requirements of my state and subscribe to any oath required. / मैं अपने राज्य के लिए जरूरी योग्यता को पूरा करता हूं और किसी भी आवश्यक शपथ की प्रतिज्ञा करता हूं।
- The information I have provided is true to the best of my knowledge under penalty of perjury. If I have provided false information, I may be fined, imprisoned, or (if not a U.S. citizen) deported from or refused entry to the United States. / जो भी जानकारी मैंने प्रदान की है, झूठी गवाही के दंड के अंतर्गत मेरी जानकारी के अनुसार सही है। यदि मैंने झूठी जानकारी उपलब्ध कराई है तो मुझ पर जुर्माना लगाया जा सकता है, मुझे कैद किया जा सकता है, अथवा (अमेरिकी नागरिक न होने पर) अमेरिका से निकाला या प्रवेश पर रोक लगाया जा सकता है।.

Please sign full name (or put mark) / कृपया पूरे नाम सहित हस्ताक्षर करें (अथवा निशान लगाएं)

Date / तिथि: Month / माह Day / दिन Year / साल

**If you are registering to vote for the first time:** please refer to the application instructions for information on submitting copies of valid identification documents with this form.

**यदि आप पहली बार मतदान करने के लिए पंजीकृत करा रहे हैं:** इस फॉर्म के साथ वैध पहचान दस्तावेजों की प्रतियां प्रस्तुत करने के बारे में जानकारी के लिए, कृपया आवेदन निर्देशों को देखें।

## *Please fill out the sections below if they apply to you.*

## *कृपया नीचे दिए गए स्थानों को भरें यदि वे आप पर लागू होते हैं।*

If this application is for a **change of name**, what was your name before you changed it? / यदि यह आवेदन **नाम में परिवर्तन** के लिए है तो इसे बदलने से पहले आपका नाम क्या था?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| A | Mr. / श्री<br>Mrs. / श्रीमती<br>Miss / सुश्री<br>Ms. / सुश्री | Last Name / अंतिम नाम | First Name / पहला नाम | Middle Name(s) / मध्यम नाम | (Circle one) / (किसी एक पर गोला लगाएं) जूनि. सीनि. II III IV |


If you were **registered before but this is the first time you are registering from the address in Box 2**, what was your address where you were registered before?
यदि आप पहले से **पंजीकृत है, लेकिन यह पहली बार है जब आप बॉक्स 2 के पते से पंजीकरण करा रहे हैं** तो आपका पता क्या था, जहां आप पहले से पंजीकृत थे?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| B | Street (or route and box number) / गली (या मार्ग तथा बॉक्स नंबर) | Apt. or Lot # / अपार्टमेंट या लॉट # | City/Town/County / शहर/नगर/काउंटी | State / राज्य | Zip Code / ज़िप कोड |

If you live in a rural area but do not have a street number, or if you have no address, please show on the map where you live.
यदि आप किसी ग्रामीण क्षेत्र में रहते है, लेकिन गली नंबर नहीं है, अथवा यदि आपका कोई पता नहीं है तो जहां आप रहते है, कृपया उसे नक्शे पर दिखाएं।

**C**

- Write in the names of the crossroads (or streets) nearest to where you live. / Escriba el nombre de las calles que cruzan más cerca de donde vive.
- Draw an X to show where you live. / Ponga una X para mostrar el lugar en que vive.
- Use a dot to show any schools, churches, stores, or other landmarks near where you live, and write the name of the landmark. /Ponga un punto para mostrar las escuelas, iglesias, tiendas u otros puntos de referencia y escriba el nombre del punto de referencia.




NORTH / नॉर्थ ↑

If the applicant is unable to sign, who helped the applicant fill out this application? Give name, address and phone number (phone number optional).
यदि आवेदक हस्ताक्षर करने में असमर्थ है तो इस आवेदन को भरने में आवेदक की मदद किसने की है? उसका नाम, पता और फोन नंबर (फोन नंबर वैकल्पिक है) दें।

| | |
|---|---|
| D | |

**Mail this application to the address provided for your State.**

**आपके राज्य के लिए प्रदान किए गए पते पर इस आवेदन को भेजें।**

## FOR OFFICIAL USE ONLY

FIRST CLASS
STAMP
NECESSARY
FOR
MAILING

OFFICIAL
ELECTION MAIL
Authorized by the U.S. Postal Service ®

# राज्य के निर्देश

## अलबामा

**अद्यतित: 08-31-2018**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि —** चुनाव से पहले के 14 दिनों के दौरान मतदाताओं का पंजीकरण बंद कर दिया जाता है। आवेदन डाकघर की मुहर लगे होने अथवा चुनाव से 15 दिन पहले पहुंच जाने चाहिए।

**6. पहचान नंबर।** यदि आपके पास अलबामा का चालक लाइसेंस नंबर या अलबामा का गैर-चालक पहचान कार्ड नंबर में से कोई हो तो उसे प्रदान करना चाहिए। यदि आपके पास अलबामा का चालक लाइसेंस या अलबामा का गैर-चालक पहचान कार्ड नहीं है तो आपको अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम 4 अंक प्रदान करने चाहिए। यदि आपको इन नंबरों में से कोई भी नंबर जारी नहीं किया गया है तो "कोई नहीं" लिखें और आपको एक अद्वितीय पहचानकर्ता प्रदान की जाएगी।
**7. पार्टी का चयन।** वैकल्पिक: यदि आप किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव, गुट बैठक या सम्मेलन में हिस्सा लेना चाहते हैं तो आपको उस पार्टी के साथ पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं है।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** आपके लिए इस बॉक्स को भरना आवश्यक है; हालांकि, यदि आप ऐसा करने में विफल रहते हैं तो आपका आवेदन अस्वीकार नहीं किया जाएगा। बॉक्स 8 के लिए आवेदन निर्देशों के तहत (पेज 2 पर) दिए गए विकल्पों की सूची देखें।
**9. हस्ताक्षर।** अलबामा में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:

- अमेरिकी नागरिक होना
- पंजीकरण के समय अलबामा और अपने काउंटी का निवासी होना
- किसी भी चुनाव से पहले 18 साल का होना
- नैतिक अधमता में शामिल किसी घोर अपराध का दोषी नहीं पाया गया हो (अथवा आपके नागरिक व राजनैतिक अधिकारों को बहाल किया गया हो)। नैतिक अशांति संबंधी घोर अपराधों की सूची राज्य सचिव के वेबसाइट पर उपलब्ध है: sos.alabama.gov/mtfelonies
- योग्यता सुनवाई के माध्यम से वर्तमान में मानसिक तौर पर अक्षम घोषित नहीं किया गया हो
- वादा करे या कसम खाए कि "अमेरिका के संविधान और अलबामा राज्य के समर्थन व रक्षा करने और आगे किसी भी ऐसे समूह के किसी भी विश्वास या संबद्धता से इनकार करूंगा जो गैर-कानूनी तरीकों से अमेरिका या अलबामा राज्य की सरकारों को उखाड़ फेंकने की हिमायत करे और यहां निहित जानकारी सही है तथा भगवान मेरी मदद करे"

**डाक पता:**
राज्य सचिव कार्यालय
P.O. Box 5616
Montgomery, AL 36103-5616

## अलास्का

**अद्यतित: 03-01-2006**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि —** चुनाव से 30 दिन पहले।

**6. पहचान नंबर।** आपको निम्न में से कोई एक पहचान नंबर प्रदान करना चाहिए; अलास्का का चालक लाइसेंस या अलास्का राज्य का पहचान कार्ड नंबर। यदि आपके पास अलास्का का चालक लाइसेंस या अलास्का राज्य का पहचान कार्ड नहीं है तो आपको अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक प्रदान करने चाहिए। यदि आपके पास इनमें से कोई भी पहचान नंबर नहीं है तो कृपया फॉर्म पर "कोई नहीं" लिखें। मतदाता पंजीकरण उद्देश्यों के लिए आपको एक अद्वितीय पहचान नंबर जारी की जाएगी। यह जानकारी गोपनीय रखी जाती है। इस जानकारी का होना आपके मतदाता रिकॉर्ड को बनाए रखने (अलास्का कानून का शीर्षक 15) और आपकी पहचान की पुष्टि करने में सहायता कर सकता है।
**7. पार्टी का चयन।** आपको मतदान हेतु पंजीकरण कराने के लिए किसी पार्टी से संबद्धता की घोषणा करने की जरूरत नहीं है। यदि आप किसी पार्टी का चयन नहीं करते हैं तो आपको अघोषित के रूप में पंजीकृत किया जाएगा। अलास्का में बंद प्राथमिक चुनाव प्रणाली है। मान्यता प्राप्त प्रत्येक राजनीतिक दल की एक अलग मतदाता सूची है जिसमें केवल उसी राजनीतिक पार्टी के उम्मीदवारों की सूची होती है। एक राजनीतिक दल के सदस्य के रूप में पंजीकृत मतदाता केवल उसी पार्टी के मतदान-पत्र पर मतदान कर सकते हैं। अघोषित या निष्पक्ष के रूप में पंजीकृत मतदाता उपलब्ध मतपत्रों में से किसी एक मतपत्र को चुन सकते हैं।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।
**9. हस्ताक्षर।** अलास्का में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:

- अमेरिकी नागरिक होना
- इस पंजीकरण को पूरा करने के 90 दिनों के भीतर कम से कम 18 साल का होना
- अलास्का का निवासी होना
- दोषसिद्ध अपराधी नहीं होना (जब तक कि बिना शर्त मुक्त न हुआ हो)
- दूसरे राज्य में मतदान करने के लिए पंजीकृत नहीं होना

**डाक पता:**
चुनाव प्रभाग
अलास्का राज्य
PO Box 110017
Juneau, AK 99811-0017

## एरिज़ोना

**अद्यतित: 03-01-2006**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि —** चुनाव से 29 दिन पहले।

**6. पहचान नंबर।** आपके द्वारा भरे गए मतदाता पंजीकरण फॉर्म में एरिज़ोना के चालक लाइसेंस की नंबर, अथवा A.R.S. § 28-3165 के अनुसार, जारी गैर-परिचालन पहचान लाइसेंस शामिल होना चाहिए, यदि लाइसेंस वर्तमान और वैध है। यदि आपके पास मौजूदा तथा वैध एरिज़ोना का चालक लाइसेंस या गैर-परिचालन पहचान लाइसेंस नहीं है तो आपको अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक प्रदान करने चाहिए, अगर कोई एक आपके लिए जारी किया गया हो। यदि आपके पास मौजूदा व वैध चालक लाइसेंस या गैर-परिचालन पहचान लाइसेंस या कोई सामाजिक सुरक्षा नंबर नहीं है तो कृपया फॉर्म पर "कोई नहीं" लिखें। राज्य सचिव द्वारा आपको एक अद्वितीय पहचान नंबर जारी की जाएगी।
**7. पार्टी का चयन।** यदि आप किसी ऐसी राजनीतिक पार्टी में पंजीकृत हैं जो मतदान

मान्यता के योग्य है तो आपको उस पार्टी के प्राथमिक चुनाव के लिए मतदान करने की अनुमति दी जाएगी। यदि आप एक स्वतंत्र सदस्य के रूप में पंजीकृत हैं, कोई पार्टी वरीयता नहीं है या कोई ऐसी पार्टी का चयन किया है जो मतपत्र मान्यता के लिए योग्य नहीं है तो आप मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों में से किसी एक को चुन सकते हैं और उसके लिए एक प्राथमिक चुनाव मतपत्र पर मतदान कर सकते हैं।

**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।

**9. हस्ताक्षर।** एरिज़ोना में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:

- अमेरिकी नागरिक होना
- अगले चुनाव से ठीक पहले कम से कम 29 दिनों के लिए एरिज़ोना और अपने काउंटी का निवासी होना
- अगले आम चुनाव तक या उससे पहले 18 साल का होना
- राजद्रोह या किसी अपराध का दोषी नहीं पाया गया हो (या आपके नागरिक अधिकारों को बहाल करना पड़ा हो)
- वर्तमान में किसी कानूनी अदालत द्वारा अक्षम व्यक्ति घोषित नहीं किए गए हों

**डाक पता:**

राज्य/चुनाव सचिव
1700 W. Washington, 7th Floor
Phoenix, AZ 85007-2888

## अर्कांसस

**अद्यतित: 03-01-2006**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से 30 दिन पहले।

**6. पहचान नंबर।** आपके द्वारा भरे गए मतदाता पंजीकरण फॉर्म में आपके राज्य का चालक लाइसेंस नंबर या जारी किए गए गैर-परिचालन पहचान नंबर शामिल होनो चाहिए। यदि आपके पास चालक लाइसेंस या गैर-परिचालन पहचान नंबर नहीं है तो आपको अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक शामिल करने चाहिए। यदि आपके पास चालक लाइसेंस, गैर-परिचालन पहचान नंबर या सामाजिक सुरक्षा नंबर नहीं है तो कृपया फॉर्म पर "कोई नहीं" लिखें। आपके राज्य द्वारा आपको एक अद्वितीय पहचान नंबर जारी की जाएगी।

**7. पार्टी का चयन।** वैकल्पिक। यदि आप किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव, गुट बैठक या सम्मेलन में भाग लेना चाहते हैं तो आपको उस पार्टी के साथ पंजीकरण नहीं कराना होगा।

**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।

**9. हस्ताक्षर।** अर्कांसस में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:

- अमेरिकी नागरिक होना
- आवेदन के बॉक्स 2 में दिए गए पते पर अर्कंसस का निवासी होना
- अगले चुनाव या उससे पहले कम से कम 18 साल का होना
- दोषसिद्ध अपराधी नहीं होना (अथवा आपकी सजा पूरी तरह समाप्त या माफ कर दी गई हो)
- किसी अन्य अधिकार क्षेत्र में मतदान का अधिकार का दावा नहीं करना
- पूर्व में सक्षम न्यायालय की किसी अदालत ने मानसिक रूप से अक्षम घोषित नहीं किया हो

**डाक पता:**

राज्य सचिव
मतदाता सेवा
P.O. Box 8111
Little Rock, AR 72203-8111

## कैलिफोर्निया

**अद्यतित: 06-18-2018**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से 15 दिन पहले; चुनाव दिवस सहित और तक सशर्त मतदाता पंजीकरण।

**6. पहचान नंबर।** जब आप मतदान के लिए पंजीकरण करते हैं तो आपको कैलिफोर्निया का चालक लाइसेंस या कैलिफोर्निया का पहचान कार्ड नंबर प्रदान करना होगा, यदि आपके पास कोई है। यदि आपके पास चालक लाइसेंस या पहचान कार्ड नहीं है तो आपको अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर (SSN) के अंतिम चार अंक प्रदान करने चाहिए। यदि आप इस जानकारी को शामिल नहीं करते हैं तो आपको मतदान के दौरान पहचान प्रदान करने की जरूरत होगी।

**7. यदि आप किसी खास पार्टी को चुनना चाहते हैं तो कृपया उस राजनीतिक पार्टी का नाम प्रविष्ट करें। यदि आप किसी राजनीतिक पार्टी को नहीं चुनना चाहते हैं तो प्रदत्त स्थान में "कोई पार्टी वरीयता नहीं" प्रविष्ट करें। कैलिफोर्निया का कानून ऐसे मतदाताओं को अनुमति देता है जिसने "कोई पार्टी वरीयता नहीं" का चयन किया है अथवा किसी योग्य राजनीतिक पार्टी के अध्यक्षीय प्राथमिक चुनाव में मतदान करने हेतु किसी गैर-राजनीतिक पार्टी के लिए प्राथमिकता चुनते हैं ताकि वे राज्य सचिव को ऐसा करने की अनुमति देने के लिए नोटिस दें। आप यह जानने के लिए 1-800-345-VOTE पर कॉल कर सकते हैं या www.sos.ca.gov देख सकते हैं कि कौन-सी राजनीतिक पार्टी ने "कोई पार्टी वरीयता नहीं" के मतदाताओं तथा उन मतदाताओं को अनुमति प्रदान करती है जिन्होंने किसी गैर-राजनीतिक पार्टी के लिए अपने अध्यक्षीय प्राथमिक चुनाव में भाग लेने की प्राथमिकता का खुलासा किया है।**

**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।

**9. हस्ताक्षर।** कैलिफोर्निया में पंजीकरण कराने के लिए, आपको चाहिए:

- अमेरकिी नागरकि होना
- कैलफिोर्नयिा का नविासी होना
- मतदान करने के लए चुनाव दविस तक कम से कम 18 साल या उससे अधकि का होना
- वर्तमान में राज्य या संघीय जेल में न हों अथवा कसिी घोर अपराध की सजा के लए पैरोल पर न हों
- मौजूदा कसिी अदालत द्वारा मतदान के लए मानसकि रूप से अक्षम घोषति नहीं कयिा गया हो

आपका हस्ताक्षर जरूरी है। यदि आप ऊपर सूचीबद्ध जरूरतों को पूरा करते हैं तो कृपया हस्ताक्षर करें और पंजीकरण कार्ड पर दिए गए स्थान में तिथि भरें।

**डाक पता:**

राज्य सचिव
चुनाव प्रभाग
1500 11th Street, 5th Floor
Sacramento, CA 95814

## कोलोराडो

**अद्यतित: 03-28-2008**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से 29 दिन पहले। यदि आवेदन किसी डाकघर की मुहर लगे बिना डाक में प्राप्त होती है तो इसे पंजीकरण की समाप्ति के 5 दिनों के भीतर प्राप्त किया जाना चाहिए।

**6. पहचान नंबर।** आपके द्वारा भरे गए मतदाता पंजीकरण फॉर्म में आपके राज्य का चालक लाइसेंस नंबर या जारी किए गए पहचान नंबर शामिल होने चाहिए। यदि राज्य द्वारा आपको चालक लाइसेंस या पहचान नंबर जारी नहीं की गई है तो आपको अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक शामिल करने चाहिए। यदि आपके पास चालक लाइसेंस, पहचान नंबर या सामाजिक सुरक्षा नंबर नहीं है तो फॉर्म पर "कोई नहीं" लिखें। आपको राज्य द्वारा एक अद्वितीय पहचान नंबर जारी की जाएगी।
**7. पार्टी का चयन।** यदि आप किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव, गुट बैठक या सम्मेलन में हिस्सा लेना चाहते हैं तो आपको उस पार्टी के साथ पंजीकरण कराना होगा।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।
**9. हस्ताक्षर।** कोलोराडो में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:

- अमेरिकी नागरिक होना
- चुनाव के 30 दिन पहले कोलोराडो का निवासी होना
- चुनाव के दिन या उससे पहले 18 साल का होना
- कैदी के रूप में बंदी नहीं होना या सजा का कोई हिस्सा बाकी नहीं रहा हो

**डाक पता:**
कोलोराडो राज्य सचिव
1700 Broadway, Suite 270
Denver, Colorado 80290

## कनेक्टिकट

**अद्यतित: 09-03-2019**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से सात (7) दिन पहले डाक द्वारा मुहर लगे; प्राथमिक से पांच (5) दिन पहले डाक द्वारा मुहर लगे।

**6. पहचान नंबर।** कनेक्टिकट का चालक लाइसेंस नंबर, अथवा न होने पर, अपनी सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक प्रदान करें।
**7. पार्टी का चयन।** यदि आप किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव, गुट बैठक या सम्मेलन में हिस्सा लेना चाहते हैं तो आपको उस पार्टी के साथ पंजीकरण कराना होगा।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।
**9. हस्ताक्षर।** कनेक्टिकट में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:

- अमेरिकी नागरिक होना
- कनेक्टिकट और उस शहर का निवासी होना, जिसमें आप मतदान करना चाहते हैं
- 17 वर्ष का हो। 17 वर्षीय व्यक्ति जो चुनाव से पहले या चुनाव के दिन 18 वर्ष का होगा, आम प्राथमिक में भाग ले सकता है।
- पहले किसी घोर अपराध का दोषी पाए जाने पर कारावास व पैरोल पूरा कर लिया हो, और आपका मतदान अधिकार मतदाता पंजीयकों द्वारा बहाल कर दिया गया है
- वर्तमान में किसी कानूनी अदालत द्वारा मतदान के लिए मानसिक रूप से अक्षम घोषित नहीं किया गया हो

**डाक पता:**
कनेक्टिकट राज्य सचिव
चुनाव प्रभाग
P.O. Box 150470
Hartford, CT 06115-0470

## डेलावेयर

**अद्यतित: 04-18-18**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — किसी प्राथमिक या आम चुनाव से पहले चौथे शनिवार को और किसी विशेष चुनाव से 10 दिन पहले।

**6. पहचान नंबर।** आपके द्वारा भरे गए मतदाता पंजीकरण फॉर्म में आपके राज्य द्वारा जारी किया गया चालक लाइसेंस नंबर या गैर-परिचालित पहचान नंबर शामिल होने चाहिए। यदि आपके पास चालक लाइसेंस या गैर-परिचालित पहचान नहीं है तो आपको अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक शामिल करने चाहिए। यदि आपके पास चालक लाइसेंस या गैर-परिचालित पहचान अथवा सामाजिक सुरक्षा नंबर नहीं है तो फॉर्म पर "कोई नहीं" लिखें। आपको राज्य द्वारा एक अद्वितीय पहचान नंबर जारी की जाएगी।
**7. पार्टी का चयन।** यदि आप किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव, गुट बैठक या सम्मेलन में हिस्सा लेना चाहते हैं तो आपको उस पार्टी के साथ पंजीकरण कराना होगा।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।
**9. हस्ताक्षर।** आप डेलावेयर में मतदान करने के लिए पंजीकरण कर सकते हैं, यदि आप:

- एक अमेरिकी नागरिक हैं, तथा
- डेलावेयर का स्थायी निवासी हैं; (डेलावेयर आपका घर है), तथा
- अगले आम चुनाव की तिथि या उससे पहले 18 वर्ष का हो जाएंगे। आप डेलावेयर में मतदान करने के लिए पंजीकरण नहीं कर सकते हैं, यदि आप:
- मानसिक रूप से अक्षम घोषित हैं। मानसिक रूप से अक्षमता, व्यक्ति के मूल मतदान के निर्णय को प्रयोग करने से रोकने वाली, गंभीर संज्ञानात्मक हानि की स्पष्ट व ठोस सबूत पर आधारित, किसी न्यायिक संरक्षकता या समकक्ष कार्यवाही की विशिष्ट जाँच-परिणाम को संदर्भित करता है; अथवा
- आपको किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया था और आपकी सजा पूरी नहीं हुई है, अथवा
- आपको घोर* अपराध के लिए दोषी ठहराया गया था और माफ़ नहीं किया गया है।

  * घोर अपराधों की सूची:
  - हत्या या मानव वध, (वाहनों से हत्या को छोड़कर);
  - लोक प्रशासन के विरूद्ध किसी भी तरह का अपराध जिसमें रिश्वतखोरी या अनुचित प्रभाव या कार्यालय का दुरुपयोग शामिल है, अथवा किसी भी राज्य या स्थानीय अधिकार क्षेत्र, अथवा अमेरिका, या कोलंबिया के जिले के कानूनों के तहत इसी तरह का कोई भी अपराध; अथवा
  - किसी भी राज्य या स्थानीय अधिकार क्षेत्र, अथवा अमेरिका या कोलंबिया के जिले के कानूनों के तहत कोई यौन अपराध, या इसी तरह का कोई भी अपराध।

**डाक पता:**
डेलावेयर राज्य
राज्य निर्वाचन आयुक्त कार्यालय
Commissioner
905 S. Governors Ave., Suite 170
Dover, DE 19904

## कोलंबिया डिस्ट्रिक्ट

**अद्यतित: 11-07-2019**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि —** चुनाव से 21 दिन पहले यदि डाक, ऑनलाइन या मोबाइल ऐप के माध्यम से पंजीकरण करते हैं, लेकिन मतदाता प्रारंभिक मतदान के दौरान और चुनाव के दिन व्यक्तिगत रूप से भी पंजीकरण कर सकता है।

**6. पहचान नंबर।** अब संघीय कानून के लिए यह आवश्यक है कि सभी मतदाता पंजीकरण आवेदन को संसाधित करने के लिए उनमें या तो आवेदक का चालक लाइसेंस नंबर अथवा आवेदक के सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक शामिल करें।
**7. पार्टी का चयन।** यदि आप किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव, गुट बैठक या सम्मेलन में हिस्सा लेना चाहते हैं तो आपको उस पार्टी के साथ पंजीकरण कराना होगा।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।
**9. हस्ताक्षर।** कोलंबिया डिस्ट्रिक्ट में मतदान करने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:
-अमेरिकी नागरिक होना
-कोलंबिया डिस्ट्रिक्ट का निवासी होना
-चुनाव से पहले कमसेकम 30 दिनों के लिए कोलंबियाडिस्ट्रिक्ट का निवासी बने रहना जिसमें आप मतदान करने की इच्छा रखते हैं
- किसी अन्य अमेरिकी राज्य या क्षेत्र में मतदान निवास या मतदान के अधिकार का दावा नहीं करना
- कम से कम 17 साल का होना (यदि आप कम से कम 16 साल के हैं तो आप मतदान करने के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। यदि आप कम से कम 17 साल के हैं और अगले आम चुनाव तक आप कम से कम 18 साल के हो जाएंगे तो आप प्राथमिक चुनाव में मतदान कर सकते हैं। यदि आप कम से कम 18 साल के हैं तो आप आम चुनाव या विशेष चुनाव में मतदान कर सकते हैं)।
- किसी घोर अपराध के लिए जेल नहीं गया हो
- किसी अदालत द्वारा मतदान के लिए कानूनी रूप से अक्षम नहीं पाया गया हो

**डाक पता:**
कोलंबिया डिस्ट्रिक्ट चुनाव बोर्ड
1015 Half Street, SE, Suite 750
Washington, DC 20003

## फ्लोरिडा

**अद्यतित: 11-30-2011**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि —** चुनाव से 29 दिन पहले।

**6. पहचान नंबर।** यदि आपके पास फ्लोरिडा का चालक लाइसेंस नंबर या फ्लोरिडा का पहचान कार्ड नंबर है तो उसे प्रदान करना चाहिए। यदि आपके पास फ्लोरिडा का चालक लाइसेंस या पहचान कार्ड नहीं है तो आपको अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक प्रदान करने चाहिए। यदि आपको इन नंबरों में से कोई भी जारी नहीं किया गया है तो "कोई नहीं" शब्द लिखें।
**7. पार्टी का चयन।** यदि आप किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव, गुट बैठक या सम्मेलन में हिस्सा लेना चाहते हैं तो आपको उस पार्टी के साथ पंजीकरण कराना होगा।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** आपसे इस बॉक्स को भरने का अनुरोध किया जाता है, पर जरूरी नहीं है। बॉक्स 8 (पेज 2 पर) के लिए आवेदन निर्देशों के तहत दिए गए विकल्पों की सूची देखें।
**9. हस्ताक्षर।** फ्लोरिडा में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:
- अमेरिकी नागरिक होना
- फ्लोरिडा राज्य और उस काउंटी, दोनों का कानूनी निवासी होना जिसमें आप पंजीकृत होना चाहते हैं
- 18 साल का होना (यदि आप कम से कम 16 साल के हैं तो पूर्व-पंजीकरण करा सकते हैं)
- फ्लोरिडा या किसी अन्य राज्य में मतदान के संबंध में मानसिक रूप से अक्षम घोषित नहीं किया गया हो, अथवा यदि हो तो आपको सबसे पहले अपने मताधिकार को बहाल कराना चाहिए।
- दोषसिद्ध अपराधी नहीं होना, अथवा यदि है, तो अगर आपके नागरिक अधिकार छीन लिए गए हों तो पहले उन्हें बहाल किया जाना चाहिए।
- निम्न की शपथ लें या पुष्टि करें कि: "मैं अमेरिकी संविधान और फ्लोरिडा राज्य के संविधान की रक्षा और सुरक्षा करूंगा, कि मैं फ्लोरिडा राज्य के संविधान और कानूनों के तहत एक मतदाता के रूप में पंजीकृत होने योग्य हूं और इस आवेदन में निहित सभी जानकारी सही है।"

**डाक पता:**
फ्लोरिडा राज्य
राज्य विभाग
चुनाव प्रभाग
The R.A. Gray Building
500 South Bronough St, Rm 316
Tallahassee, Florida 32399-0250

## जॉर्जिया

**अद्यतित: 08-15-2013**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि —** किसी भी सामान्य प्राथमिक, आम चुनाव या राष्ट्रपति वरीयता प्राथमिक, अथवा जॉर्जिया चुनाव कोड के अनुसार नियमित रूप से अनुसूचित विशेष चुनाव से पहले पांचवें सोमवार को। जॉर्जिया चुनाव कोड द्वारा निर्धारित तिथियों के बदले किसी अन्य तिथि को किसी विशेष चुनाव के आयोजित किए जाने की स्थिति में पंजीकरण, घोषणा के 5 दिन के बाद बंद हो जाएगा।

**6. पहचान नंबर।** संघीय कानून के लिए यह आवश्यक है कि आप अपना पूरा GA चालक लाइसेंस नंबर प्रदान करें या GA राज्य द्वारा जारी पहचान नंबर प्रदान करें। यदि आपके पास GA चालक लाइसेंस नंबर या GA पहचान नहीं है तो आपको अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक प्रदान करने चाहिए। आपको अपना पूरा सामाजिक सुरक्षा नंबर प्रदान करना वैकल्पिक है। आपका सामाजिक सुरक्षा नंबर गोपनीय रखा जाएगा और मतदाता पंजीकरण पहचान प्रयोजनों के लिए अन्य राज्य एजेंसी डेटाबेस के साथ तुलना के लिए प्रयोग किया जाएगा। यदि आपके पास GA चालक लाइसेंस या सामाजिक सुरक्षा नंबर नहीं है तो आपको एक अद्वितीय पहचानकर्ता प्रदान किया जाएगा।

**7. पार्टी का चयन।** यदि आप किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव, गुट बैठक या सम्मेलन में हिस्सा लेना चाहते हैं तो आपको उस पार्टी के साथ पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं है।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** आपसे इस बॉक्स को भरने के लिए अनुरोध किया जाता है। बॉक्स 8 (पेज 2 पर) के लिए आवेदन निर्देशों के तहत दिए गए विकल्पों की सूची देखें।
**9. हस्ताक्षर।** जॉर्जिया में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:
- अमेरिकी नागरिक होना
- जॉर्जिया और उस काउंटी का एक कानूनी निवासी होना जिसमें आप वोट करना चाहते हैं
- पंजीकरण के दिन के छह महीने के भीतर 18 साल का होना, और मतदान करने के लिए 18 साल का होना
- अपराध के दोषी होने पर कोई सजा न काट रहे हों
- न्यायिक रूप से मानसिक तौर पर अक्षम घोषित न किए गए हों, जब तक कि विकलांगता को हटाया न गया हो
- अमेरिकी नागरिकता का संतोषजनक साक्ष्य

**डाक पता:**
चुनाव प्रभाग
राज्य सचिव कार्यालय
2 Martin Luther King Jr. Drive
Suite 802 Floyd West Tower
Atlanta, Georgia 30334

## हवाई

**अद्यतित: 06-18-2018**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से 30 दिन पहले।

**6. पहचान नंबर।** जब आप मतदान के लिए पंजीकरण करते हैं तो आपको हवाई का चालक लाइसेंस या राज्य पहचान नंबर प्रदान करना होगा, यदि आपके पास कोई है। यदि आपके पास चालक लाइसेंस या पहचान नंबर नहीं है तो आपको अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर (SSN) के अंतिम चार अंक प्रदान करने चाहिए। यदि आपके पास इनमें से कोई भी जानकारी नहीं है तो क्लर्क का कार्यालय आपको एक अद्वितीय पहचान संख्या जारी करेगा, जो मतदाता पंजीकरण उद्देश्यों के लिए आपकी पहचान करने में सहायता करेगा।
**7. पार्टी का चयन।** मतदाता पंजीकरण के लिए किसी "पार्टी के चयन" की आवश्यकता नहीं है।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** मतदाता पंजीकरण के लिए नस्ल या जातीय समूह संबंधी जानकारी की आवश्यकता नहीं है।
**9. हस्ताक्षर।** हवाई में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:
- अमेरिकी नागरिक होना
- हवाई राज्य का निवासी होना
- कम से कम 16 साल का होना (मतदान के लिए चुनाव के दिन आपका 18 साल का होना आवश्यक है)
- किसी अपराध के लिए कैद न किए गए हों
- किसी अदालत द्वारा "अस्वस्थ मनोदशा" वाला घोषित न किया गया हो

**डाक पता:**
चुनाव कार्यालय
हवाई राज्य
802 Lehua Avenue
Pearl City, HI 96782

## आयडाहो

**अद्यतित: 03-01-2006**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से 25 दिन पहले।

**6. पहचान नंबर।** आप अपना चालक लाइसेंस नंबर प्रविष्ट करें। यदि आपके पास चालक लाइसेंस नहीं है तो अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम 4 अंक प्रविष्ट करें।
**7. पार्टी का चयन।** यदि आप किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव, गुट बैठक या सम्मेलन में हिस्सा लेना चाहते हैं तो आपको उस पार्टी के साथ पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं है।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।
**9. हस्ताक्षर।** आयडाहो में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:
- अमेरिकी नागरिक होना
- चुनाव से पहले, 30 दिनों के लिए आयडाहो और काउंटी में रह चुके हों
- कम से कम 18 साल के हों
- दोषसिद्ध अपराधी न हों, और ऐसा न हो कि आपकी नागरिकता अधिकारों को बहाल नहीं किया गया हो, अथवा किसी अपराध का दोषी नहीं पाया गया हो, अथवा किसी अपराध की सजा में जेल में कैद न किए गए हों

**डाक पता:**
राज्य सचिव
P.O. Box 83720
State Capitol Bldg.
Boise, ID 83720-0080

## इलिनोइस

**अद्यतित: 09-03-2019**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से 28 दिन पहले।

**6. पहचान नंबर।** इलिनोइस को या तो चालक लाइसेंस (या राज्य सचिव पहचान कार्ड) अथवा सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम 4 अंकों की आवश्यकता होती है। उनलोगों को पंजीकरण फॉर्म में अन्य पहचान जानकारी की प्रति सहित मेल करनी चाहिए जिनके पास न तो ये सब आइटम हैं, और न ही वे इलिनोइस में पहले से पंजीकृत हैं: आपको इस आवेदन के साथ निम्नलिखित भेजना चाहिए, या तो (i) वर्तमान व वैध फोटो पहचान की एक प्रति, अथवा (ii) वर्तमान उपयोगिता बिल, बैंक स्टेटमेंट, सरकारी चेक, पेचेक या अन्य सरकारी दस्तावेज़ की एक प्रति जिसमें मतदाता का नाम तथा पता लिखा हो। यदि आप उपरोक्त आवश्यक जानकारी प्रदान नहीं करते हैं तो आपको पहली बार मतदान करने के लिए मतदान स्थल पर ऊपर वर्णित, या तो (i) अथवा (ii) के साथ चुनाव अधिकारी को प्रदान करने की आवश्यकता होगी।
**7. पार्टी का चयन।** मतदाता पंजीकरण के लिए पार्टी पंजीकरण या वरीयता आवश्यक नहीं है। हालांकि, जब आप किसी प्राथमिक मतदान के लिए आवेदन करते हैं तो आपको चुनाव के लिए अपनी पार्टी वरीयता का संकेत करना चाहिए।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।
**9. हस्ताक्षर।** आपका हस्ताक्षर जरूरी है। यदि पंजीकरण फॉर्म में हस्ताक्षर नहीं है तो आपको सूचित किया जाएगा कि आपका पंजीकरण अधूरा है।
इलिनोइस में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:

- अमेरिकी नागरिक होना
- अगले चुनाव से पहले, कम से कम 30 दिनों के लिए इलिनोइस और अपने चुनाव क्षेत्र का निवासी होना
- अगले चुनाव के समय या उससे पहले कम से कम 18 साल का होना
- किसी गंभीर अपराध के लिए जेल न गए हों
- किसी और क्षेत्र में मताधिकार का दावा नहीं करना

17 वर्षीय व्यक्ति के लिए पूर्व पंजीकरण। इलिनोइस 17 वर्षीय व्यक्ति को पंजीकरण की अनुमति देता है जो आगामी आम चुनाव (या समेकित चुनाव) के लिए उम्मीदवारों को नामांकित करने वाला आम प्राथमिक (या समेकित प्राथमिक) में पंजीकरण तथा मतदान करने हेतु आम चुनाव (अथवा समेकित चुनाव, शहर, टाउनशिप, स्कूल बोर्ड और अन्य स्थानीय कार्यालयों के लिए विषम वर्ष का चुनाव) के दिन या उससे पहले 18 साल का हो जाएगा।

**डाक पता:**

राज्य चुनाव बोर्ड
2329 S. MacArthur Boulevard
Springfield, IL 62704

## इंडियाना

**अद्यतित: 03-01-2006**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से 29 दिन पहले।

**6. पहचान नंबर।** इंडियाना में जारी किया गया आपका दस अंकों का चालक लाइसेंस नंबर, आपका राज्य मतदाता पहचान नंबर है। यदि आपके पास इंडियाना का चालक लाइसेंस नहीं है तो अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक प्रदान करें। कृपया संकेत करें कि कौन-सा नंबर प्रदान किया गया था। (इंडियाना कोड 3-7-13-13)

**7. पार्टी का चयन।** खाली छोड़ दें।

**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।

**9. हस्ताक्षर।** इंडियाना में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:

- अमेरिकी नागरिक होना
- अगले चुनाव से पहले, कम से कम 30 दिनों तक उस क्षेत्र का निवासी होना
- अगले आम चुनाव के दिन कम से कम 18 साल का होना
- वर्तमान में किसी अपराध के लिए जेल की सजा न काट रहे हों

**डाक पता:**

चुनाव प्रभाग
राज्य सचिव कार्यालय
302 West Washington Street,
Room E-204
Indianapolis, IN 46204-2743

## आयोवा

**अद्यतित: 10-31-2020**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — यदि यह एक आम चुनाव है तो चुनाव से 10 दिन पहले, शाम 5 बजे तक; और अन्य सभी में 11 दिन पहले, जमा करा दिया जाना चाहिए।* जिन पंजीकरण फॉर्म पर चुनाव से 15 दिन या उससे पहले, डाक की मुहर लगी हो, उन्हें अंतिम तिथि के बाद प्राप्त करने पर भी समय पर प्राप्त माना जाता है।

*यदि आप मतदाता पंजीकरण की उपरोक्त अंतिम तिथि को पूरा करने में विफल रहते हैं तो आप चुनावी दिन के पंजीकरण के दिशा-निर्देशों का पालन करके पंजीकरण और मतदान कर सकते हैं। आप इन्हें आयोवा राज्य सचिव की वेबसाइट www.sos.state.ia.us/pdfs/elections/EDRbrochure.pdf पर प्राप्त कर सकते हैं:

**6. पहचान नंबर।** आपका आयोवा चालक लाइसेंस नंबर (या आयोवा गैर-प्रचालक पहचान नंबर) आपका पहचान नंबर है, यदि आपके पास है तो, अन्यथा आपके सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक आपका पहचान नंबर है। आपके द्वारा प्रदान किए गए पहचान नंबर को आयोवा परिवहन विभाग या सामाजिक सुरक्षा प्रशासन के साथ सत्यापित किया जाएगा।

**7. पार्टी का चयन।** यदि आप किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव में हिस्सा लेना चाहते हैं तो आप पहले से उस पार्टी के साथ पंजीकरण करा सकते है, लेकिन ऐसा करना आवश्यक नहीं है। आप प्राथमिक चुनाव के दिन चुनाव में किसी पार्टी से संबद्धता की घोषणा कर सकते हैं या उसे बदल सकते हैं।

**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।

**9. हस्ताक्षर।** आयोवा में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:

- अमेरिकी नागरिक होना
- आयोवा का निवासी होना
- कम से कम 17 साल का होना चाहिए; चुनाव के दिन या उससे पहले 18 साल पूरे हो जाने पर ही कोई व्यक्ति मतदान कर सकता है। प्राथमिक चुनावों के मामले में, यदि कोई व्यक्ति नियमित रूप से चुनाव के दिन या उससे पहले 18 साल का होगा तो वह मतदान कर सकता है।
- किसी अपराध के लिए दोषी नहीं ठहराया गया हो या आपके अधिकारों को बहाल किया गया हो
- वर्तमान में किसी अदालत ने "मतदान हेतु अक्षम" घोषित न किया हो
- एक से अधिक जगह पर मतदान करने के अधिकार का दावा नहीं किया हो
- किसी भी अन्य स्थान पर मतदान करने के अपने अधिकार को त्याग दिया हो

**डाक पता:**

चुनाव प्रभाग
राज्य सचिव कार्यालय
Lucas Building-1st Floor
321 E. 12th Street
Des Moines, IA 50319

## केन्सास

**अद्यतित: 02-01-2016**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से 21 दिन पहले डाक द्वारा मुहर लगे और सुपुर्द होने चाहिए

**6. पहचान नंबर।** आपके द्वारा भरे गए पंजीकरण फॉर्म में आपके राज्य द्वारा जारी चालक लाइसेंस नंबर या गैर-चालक पहचान कार्ड नंबर होना चाहिए। यदि आपके पास चालक लाइसेंस या गैर-चालक पहचान कार्ड नहीं है तो आपको अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक लिखने चाहिए। यदि आपके पास चालक लाइसेंस या गैर-चालक पहचान कार्ड अथवा सामाजिक सुरक्षा नंबर नहीं है तो कृपया फॉर्म पर “कोई नहीं” लिखें।

राज्य द्वारा आपको एक विशिष्ट पहचान नंबर जारी किया जाएगा। आपके द्वारा प्रदान किया गया नंबर केवल प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए प्रयोग किया जाएगा तथा इसे सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। (KSA 25-2309)।
**7. पार्टी का चयन।** यदि आप किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव, गुट बैठक या सम्मेलन में हिस्सा लेना चाहते हैं तो आपको उस पार्टी के साथ पंजीकरण कराना जरूरी है।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।
**9. हस्ताक्षर।** केन्सास में पंजीकरण के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:

- अमेरिकी नागरिक होना
- केन्सास का निवासी होना
- अगले चुनाव तक 18 साल का होना
- आपके पास कोई दस्तावेज़, या उसकी प्रति होनी चाहिए जिसमें राज्य सचिव या संबंधित काउंटी चुनाव अधिकारी को आवेदन देने के 90 दिनों के भीतर अमेरिकी नागरिकता का उल्लेख होना चाहिए
- अपराध दोषसिद्ध होने की स्थिति में अपनी सजा पूरी कर चुका हो; अपराध की सजा भुगत रहा व्यक्ति मतदान करने का हकदार नहीं है
- किसी अन्य जगह या अन्य नाम से मतदान के अधिकार का दावा नहीं करे
- सक्षम न्यायालय के अधिकार क्षेत्र द्वारा मतदान से निष्कासित नहीं होना चाहिए
- K.S.A. § 25-2309(l) द्वारा अनिवार्य अमेरिकी नागरिकता प्रदर्शन हेतु स्वीकार्य दस्तावेज़ों में निम्नलिखित शामिल हैं:
  (1) चालक लाइसेंस या गैर-चालक राज्य पहचान कार्ड जिसके ऊपर लिखा हो कि धारक ने अमेरिकी नागरिकता का संतोषप्रद सबूत पेश कर दिया है;
  (2) अमेरिका में जन्म के उल्लेखयुक्त जन्म प्रमाण-पत्र;
  (3) आवेदक की पहचान वाले अमेरिका के वैध कालातीत पासपोर्ट के प्रासंगिक पृष्ठ और आवेदक का पासपोर्ट नंबर;
  (4) अमेरिकी नागरिकता दर्शित संकेतिक दस्तावेज़;
  (5) संघीय सरकार द्वारा 1952 के आव्रजन व नागरिकता अधिनियम, और इसके संशोधन के अनुसरण में जारी अमेरिकी नागरिकता संकेतिक दस्तावेज़;
  (6) भारतीय मामलों के ब्यूरो कार्ड नंबर, जनजातीय संधि कार्ड नंबर, या जनजातीय नामांकन नंबर;
  (7) अमेरिकी नागरिक का विदेश में जन्म संबंधी दूतावास रिपोर्ट;
  (8) अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा द्वारा जारी नागरिकता प्रमाण-पत्र;
  (9) अमेरिकी नागरिकता संकेतिक राज्य विभाग द्वारा जारी जन्म की रिपोर्ट का प्रमाण-पत्र;
  (10) अमेरिकी स्वदेश सुरक्षा विभाग द्वारा जारी KIC वर्गीकरण युक्त अमेरिकी भारतीय कार्ड;
  (11) अंतिम दत्तकग्रहण न्यायादेश जिसमें आवेदक का नाम तथा अमेरिका में जन्मस्थान दर्शाया गया हो;
  (12) सरकारी अमेरिकी सेना सेवा का रिकॉर्ड जिसमें आवेदक का जन्मस्थान अमेरिका में दर्शाया गया हो;
  (13) आवेदक के जन्म के समय तैयार किए गए अमेरिकी अस्पताल के रिकॉर्ड का अंश जिसमें आवेदक का अमेरिका में जन्मस्थान दर्शाया गया हो;

यदि कोई व्यक्ति सूचीबद्ध किसी भी दस्तावेज़ का धारक नहीं है तो वह व्यक्ति वैकल्पिक रूप में अपनी नागरिकता को K.S.A. § 25-2309(m) में वर्णित प्रक्रिया के तहत सिद्ध कर सकता है।

**डाक पता:**
राज्य सचिव
1st Floor, Memorial Hall
120 SW 10th Ave.
Topeka, KS 66612-1594

## केंटकी

**अद्यतित: 03-01-2006**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से 29 दिन पहले।

**6. पहचान नंबर।** आपका पूरा सामाजिक सुरक्षा नंबर प्रदान करना जरूरी है। यह नंबर केवल प्रशासनिक उद्देश्यों हेतु प्रयोग किया जाता है, तथा इसे सार्वजनिक नहीं किया जाता (KRS 116.155)। किसी भी व्यक्ति को सामाजिक सुरक्षा नंबर शामिल न करने के कारण पंजीकरण के अधिकार से वंचित नहीं किया जाएगा।
**7. पार्टी का चयन।** यदि आप किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव, गुट बैठक या सम्मेलन में हिस्सा लेना चाहते हैं तो आपको उस पार्टी के साथ पंजीकरण कराना जरूरी है।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।
**9. हस्ताक्षर।** केंटकी में पंजीकरण के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:

- अमेरिकी नागरिक होना
- केंटकी का निवासी होना
- चुनाव तिथि से पहले, कम से कम 28 दिनों के लिए काउंटी का निवासी होना
- अगले आम चुनाव तक या पहले 18 साल का होना
- दोषसिद्ध अपराधी न हों; यदि अपराध का दोषी हो तो आपके नागरिक अधिकार कार्यपालिका क्षमादान द्वारा बहाल किए जा चुके हों
- विधि न्यायालय में “मानसिक अक्षम” करार नहीं दिया गया हो
- केंटकी के बाहर किसी अन्य जगह मताधिकार का दावा नहीं करना चाहिए

**डाक पता:**
राज्य चुनाव बोर्ड
140 Walnut Street
Frankfort, KY 40601-3240

## लुइज़ियाना

**अद्यतित: 02-28-2019**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से 30 दिन पहले।

**6. पहचान नंबर।** आपको लुइज़ियाना चालक लाइसेंस नंबर या लुइज़ियाना का विशेष पहचान कार्ड नंबर प्रदान करना चाहिए, यदि जारी किया गया है। यदि जारी नहीं किया गया है तो आपको अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक लिखने चाहिए, यदि जारी किया गया है। ऐच्छिक आधार पर, पूरा सामाजिक सुरक्षा नंबर प्रदान किया जा सकता है। यदि आवेदक के पास लुइज़ियाना चालक लाइसेंस या लुइज़ियाना विशेष पहचान कार्ड या सामाजिक सुरक्षा नंबर नहीं है तो आवेदक को अपने आवेदन के साथ निम्नलिखित में से कोई एक संलग्न करना होगा: (a) मौजूदा व वैध फोटो पहचान की प्रति; अथवा (b) मौजूदा उपयोगिता बिल, बैंक स्टेटमेंट, सरकारी चेक, वेतन चेक या अन्य सरकारी दस्तावेज़ जिसमें आवेदक का नाम और पता

शामिल है, की एक प्रति। न तो रजिस्ट्रार और न ही राज्य विभाग पंजीकृत मतदाता का सामाजिक सुरक्षा नंबर सार्वजनिक नहीं करेगा अथवा वाणिज्यिक सूचियों (R.S. 18:104 तथा 154; 42 U.S.C. § 405) में पंजीकृत मतदाता का सामाजिक सुरक्षा नंबर प्रसारित नहीं करेगा।

**7. पार्टी का चयन।** यदि आप किसी पार्टी के साथ संबद्धता को सूचीबद्ध नहीं करते हैं तो आप राष्ट्रपति वरीयता प्राथमिक व पार्टी कमेटी के चुनावों में मतदान करने के पात्र नहीं हो सकते हैं। राजनीतिक पार्टी के साथ संबद्धता किसी अन्य चुनाव के लिए जरूरी नहीं है।

**8. नस्ल या जातीय समूह।** इस बॉक्स को पूरा करना वैकल्पिक है। बॉक्स 8 (पेज 2 पर) के लिए आवेदन निर्देशों के तहत दिए गए विकल्पों की सूची देखें।

**9. हस्ताक्षर।** लुइज़ियाना में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी हैः

- अमेरिकी नागरिक होना
- लुइज़ियाना का निवासी होना (निवास पता वह स्थान होना चाहिए जहां आप वास-भूमि की छूट का दावा करते हैं, यदि कोई हो तो, नर्सिंग होम या वृद्धजन होम निवासी को छोड़कर, जो नर्सिंग होम या वृद्धजन होम या उस घर के पते का उपयोग करने के लिए चयन कर सकता है जहां उसे वास-भूमि की छूट है। कॉलेज के छात्र अपने घर या स्कूल के पते का चयन कर सकते हैं।)
- कम से कम 17 साल का होना (16 साल का होना यदि आप मतदान के लिए लुइज़ियाना चालक लाइसेंस हेतु आवेदन के साथ अथवा मतदाता रजिस्ट्रार कार्यालय में व्यक्तिगत रूप में पंजीकरण करा रहे हैं), और अगले आम चुनाव से पहले 18 साल का होना
- वर्तमान में किसी अपराध की सजा हेतु कारावास के आदेश के तहत नहीं होना; अथवा यदि इस तरह के आदेश के तहत हैं तो (1) पिछले पांच वर्षों के भीतर आदेशानुसार कैद में नहीं हो और (2) R.S. 18:1461.2 के अनुसार, चुनावी धोखाधड़ी या किसी अन्य चुनावी महा-अपराध के लिए कारावास के आदेश के अधीन नहीं होना
- वर्तमान में मानसिक अक्षमता के लिए पूर्ण पाबंदी अथवा सीमित पाबंदी, जहां आपके वोट देने के अधिकार को निलंबित कर दिया गया है, के फैसले के तहत नहीं होना

**डाक पता:**

राज्य सचिव
ध्यानार्थ: चुनाव प्रभाग
P.O. Box 94125
Baton Rouge, LA 70804-9125

## मेन

**अद्यतित: 08-14-2012**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि —** चुनाव से 21 कार्यदिवस पहले सुपुर्द किया जा चुका हो (या मतदाता चुनाव वाले दिन या उससे पहले व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर पंजीकरण करवा सकते हैं)

**6. पहचान नंबर।** आपको अपना वैध मेन चालक लाइसेंस नंबर देना चाहिए। यदि आपके पास वैध मेन चालक लाइसेंस नहीं है तो आपको अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक लिखने चाहिए। जिस मतदाता के पास इनमें से कोई भी पहचान नहीं है तो उन्हें खाली जगह में "कोई नहीं" लिखना चाहिए।

**7. पार्टी का चयन।** यदि आप किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव, गुट बैठक या सम्मेलन में हिस्सा लेना चाहते हैं तो आपको उस पार्टी के साथ पंजीकरण कराना जरूरी है (जबतक कि राजनीतिक पार्टी द्वारा अन्य प्रकार की अनुमति नहीं दी गई है)।

**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।

**9. हस्ताक्षर।** मेन में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:

- अमेरिकी नागरिक होना
- मेन तथा उस नगरपालिका का निवासी होना जहां आप मतदान करना चाहते हैं
- कम से कम 17 साल का होना (आपको मतदान के लिए 18 साल के होने चाहिए)

**डाक पता:**

चुनाव प्रभाग
कॉर्पोरेशन्स ब्यूरो
चुनाव और आयोग
101 State House Station
Augusta, ME 04333-0101

## मैरीलैंड

**अद्यतित: 06-26-2008**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि —** चुनाव से 21 दिन पहले, रात्रि 9.00 बजे तक।

**6. पहचान नंबर।** यदि आपके पास मौजूदा, वैध मैरीलैंड चालक लाइसेंस या मोटर वाहन प्रबंधन पहचान कार्ड है तो आपको चालक लाइसेंस या पहचान नंबर प्रविष्ट करना चाहिए। यदि आपके पास मौजूदा, वैध मैरीलैंड चालक लाइसेंस या मोटर वाहन प्रबंधन पहचान कार्ड नहीं है तो आपको अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक लिखने चाहिए। तथापि, कृपया ध्यान रखें कि अपने पूरे सामाजिक सुरक्षा नंबर का खुलासा करना आप पर निर्भर करता है। चुनाव पदाधिकारी को आपके पूरे सामाजिक सुरक्षा नंबर के अनुरोध की अनुमति देने वाला कानूनी अधिकार, मैरीलैंड का चुनाव कानून अनुच्छेद, धारा 3-202, व्याख्याकृत संहिता है। नंबर का प्रयोग केवल पंजीकरण तथा अन्य प्रशासनिक प्रयोजनों के लिए किया जाएगा। यह गोपनीय रखा जाएगा।

**7. पार्टी का चयन।** यदि आप किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव में हिस्सा लेना चाहते हैं तो आपको उस पार्टी के साथ पंजीकरण कराना जरूरी है।

**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।

**9. हस्ताक्षर।** मैरीलैंड में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:

- अमेरिकी नागरिक होना
- मैरीलैंड का निवासी होना
- अगले आम चुनाव तक, कम से कम 18 साल का होना
- मानसिक अक्षमता हेतु संरक्षण के तहत नहीं होना
- वोटों की खरीद-बिक्री का दोषसिद्ध अपराधी नहीं होना
- दोषसिद्ध अपराधी नहीं होना चाहिए, अथवा यदि आप अदालत के आदेशानुसार, सजा के लिए पैरोल या परिवीक्षा की अवधि सहित, कारावास की सजा पूरी कर चुके हों।

**डाक पता:**
राज्य चुनाव बोर्ड
P.O. Box 6486
Annapolis, MD 21401-0486

## मासेचुसेट्स

**अद्यतित: 09-03-2019**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से 20 दिन पहले।

**6. पहचान नंबर।** संघीय कानून अपेक्षा करता है कि आपको मतदान के लिए पंजीकरण हेतु अपना चालक लाइसेंस नंबर देना चाहिए। यदि आपके पास मौजूदा तथा वैध मासेचुसेट्स चालक लाइसेंस नहीं है तो आपको अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार (4) अंक प्रदान करने चाहिए। यदि आपके पास दोनों नहीं हैं तो आपको बॉक्स में "कोई नहीं" लिखना चाहिए और आपको एक विशिष्ट पहचान नंबर जारी किया जाएगा।
**7. पार्टी का चयन।** यदि आप इस बॉक्स में किसी पार्टी अथवा राजनीतिक पदनाम का वर्णन नहीं करते हैं तो आपको गैर-नामांकित के रूप में पंजीकृत किया जाएगा जिसे आमतौर पर निर्दलीय के रूप में माना जाता है। गैर-नामांकित मतदाता तथा राजनीतिक पदनामों में पंजीकृत मतदाता पार्टी की प्राथमिकताओं में मतदान कर सकते हैं।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।
**9. हस्ताक्षर।** मासेचुसेट्स में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:
- अमेरिकी नागरिक होना
- मासेचुसेट्स का निवासी होना
- कम से कम 16 साल का हो (चुनाव के दिन मतदान करने के लिए 18 साल का अवश्य होना चाहिए)
- चुनाव संबंधित भ्रष्ट पद्धतियों का दोषसिद्ध अपराधी नहीं होना
- मतदान के संबंध में संरक्षण के तहत नहीं होना
- वर्तमान में अपराध की सजा हेतु कैदी नहीं होना

**डाक पता:**
राष्ट्रमंडल सचिव
Elections Division, Room 1705
One Ashburton Place
Boston, MA 02108

## मिशिगन

**अद्यतित: 11-07-2019**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से कम से कम 15 दिन पहले डाक द्वारा चिह्नित की गई; अथवा चुनाव दिवस पर रात 8 बजे तक आपके शहर या टाउनशिप क्लर्क को व्यक्तिगत रूप से सुपुर्द की गई। यदि आप चुनाव के 14 दिनों के भीतर पंजीकरण कर रहे हैं तो आपको उस चुनाव हेतु योग्य होने के लिए निवास सत्यापन प्रदान करना होगा।

**6. पहचान नंबर।** आपके द्वारा भरे गए मतदाता पंजीकरण फॉर्म में आपके राज्य द्वारा जारी चालक लाइसेंस नंबर या व्यक्तिगत पहचान कार्ड नंबर लिखा जाना चाहिए। यदि आपके पास राज्य द्वारा जारी चालक लाइसेंस नंबर या व्यक्तिगत पहचान कार्ड नंबर नहीं है तो आपको अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक लिखने चाहिए। यदि आपके पास राज्य द्वारा जारी चालक लाइसेंस नंबर या व्यक्तिगत पहचान कार्ड नंबर अथवा सामाजिक सुरक्षा नंबर नहीं है तो आपको फॉर्म में "कोई नहीं" लिखना चाहिए। राज्य द्वारा आपको एक विशिष्ट पहचान नंबर जारी किया जाएगा।
**7. पार्टी का चयन।** मतदाता पंजीकरण के लिए "पार्टी का चयन" जरूरी नहीं है।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।
**9. हस्ताक्षर।** मिशिगन में पंजीकरण करने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:
- अमेरिकी नागरिक होना
- अगले चुनाव तक 18 साल का होना
- मिशिगन का निवासी होना और चुनाव के दिन अपने शहर या टाउनशिप का कम से कम 30 दिनों का निवासी होना
- दोषी करार दिए जाने और सजा सुनाए जाने के फलस्वरूप किसी जेल में कैद नहीं होना

***सूचना:*** यदि किसी मतदाता के पास मिशिगन चालक लाइसेंस (DL) या व्यक्तिगत पहचान (PID) मौजूद है तो मिशिगन कानून के तहत **मतदाता पंजीकरण और DL/PID उद्देश्यों के लिए समान पते का प्रयोग किया जाना चाहिए।** इस फॉर्म का प्रयोग करने से आपके DL/PID पते भी बदल जाएंगे। राज्य सचिव आपके DL/PID के लिए आपको एक नया पता स्टिकर भेजेंगे।

**डाक पता:**
पूर्ण किए गए इस आवेदन को सीधे अपने शहर या टाउनशिप क्लर्क को भेजें या सुपुर्द करें। वेबसाइट Michigan.gov/Vote पर जाकर अपने शहर या टाउनशिप क्लर्क का पता लगाएं। यदि आप अपने शहर या टाउनशिप क्लर्क का पता खोज पाने में असमर्थ हैं तो निम्नलिखित पते पर मेल करें:
मिशिगन राज्य विभाग
चुनाव ब्यूरो
P.O. Box 20126
Lansing, MI 48901-0726

## मिनेसोटा

**अद्यतित: 12-31-2008**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से 21 दिन पहले, शाम 5.00 बजे तक सुपुर्द किया जा चुका हो (मतदान स्थल पर चुनाव वाले दिन भी पंजीकरण किया जाएगा)।

**6. पहचान नंबर।** आपको मत पंजीकरण कराने के लिए अपना मिनेसोटा चालक लाइसेंस या राज्य पहचान नंबर देना होगा। यदि आपके पास मिनेसोटा चालक लाइसेंस या राज्य पहचान नहीं है तो आपको अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक लिखने चाहिए। यदि आपके पास इनमें से कोई भी नहीं है तो कृपया फॉर्म पर "कोई नहीं" लिखें।
**7. पार्टी का चयन।** खाली छोड़ दें।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।
**9. हस्ताक्षर।** मिनेसोटा में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:
- अमेरिकी नागरिक होना
- अगले चुनाव से पहले 20 दिनों के लिए मिनेसोटा का निवासी होना
- पंजीकरण फॉर्म पर दिए गए निवास पते को बनाए रखना
- चुनाव के दिन कम से कम 18 साल का होना

- पहले से दोषसिद्ध अपराधी हैं, और आपका अपराध दंड समाप्त या पूरा हो गया हो अथवा आपको दोषमुक्त कर दिया गया हो
- न्यायालय-आदेशित संरक्षण के तहत नहीं होना जिसमें मताधिकार रद्द कर दिया गया है
- किसी न्यायालय द्वारा मतदान के लिए कानूनी रूप से अक्षम नहीं पाया गया हो।

**डाक पता:**
राज्य सचिव
60 Empire Drive, Suite 100
St. Paul, MN 55103-1855

## मिसिसिपी

**अद्यतित: 05-07-2010**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से 30 दिन पहले।

**6. पहचान नंबर।** आपको अपना मौजूदा तथा वैध चालक लाइसेंस नंबर प्रदान करना चाहिए, अथवा यदि आपके पास नहीं है तो आपको अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक लिखने चाहिए।
**7. पार्टी का चयन।** मिसिसिपी में पार्टी पंजीकरण नहीं होता है। यदि आप किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव, गुट बैठक या सम्मेलन में भाग लेना चाहते हैं तो आपको उस पार्टी के साथ पंजीकरण नहीं कराना होगा।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।
**9. हस्ताक्षर।** मिसिसिपी में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:
- अमेरिकी नागरिक होना
- चुनाव से 30 दिन पहले, आप मिसिसिपी और अपने काउंटी (और शहर, यदि लागू हो) में रह चुके हों जिसमें आप मतदान करना चाहते हैं
- आम चुनाव तक, कम से कम 18 साल का होना जिसमें आप मतदान करना चाहते हैं
- हत्या, बलात्कार, रिश्वत, चोरी, आगजनी, झूठे बहाने पर धन या माल हड़पने, झूठी कसम, जालसाजी, गबन, सशस्त्र डकैती, जबरन वसूली, अपराधयुक्त बुरा चेक, गुंडागर्दी चोरी, चोरी, चोरी का माल खरीदने, इमारती लकड़ी की तस्करी, गैर-कानूनी तरीके से मोटर-वाहन लेना, सांविधिक बलात्कार, कारचोरी या परस्त्रीगमन के दोषसिद्ध अपराधी नहीं होना, अथवा कानून द्वारा आपके आवश्यक अधिकार को बहाल कर दिया गया हो
- किसी न्यायालय द्वारा मानसिक रूप से अक्षम नहीं पाया गया हो

*ध्यान रखें:* राज्य कानून को 1998 में संघीय न्यायालय आदेश और 2000 में राज्य विधान के तहत बदला गया। अब हम सभी राज्य तथा संघीय कार्यालयों के लिए मतदान हेतु पंजीकरण फॉर्म स्वीकार करते हैं।

**डाक पता:**
राज्य सचिव
P.O. Box 136
Jackson, MS 39205-0136

**स्थानीय काउंटी पता:**
आप जहां रहते हैं वहां भरे गए आवेदन को काउंटी सर्किट क्लर्क/रजिस्ट्रार के पास भी जमा करा सकते हैं। काउंटी सर्किट क्लर्क/रजिस्ट्रार की पूरी सूची मिसिसिपी की वेबसाइट www.sos.ms.gov पर उपलब्ध है।

## मिज़ूरी

**अद्यतित: 09-12-2006**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से 28 दिन पहले।

**6. पहचान नंबर।** आपके द्वारा भरे गए मतदाता पंजीकरण फॉर्म में आपके राज्य द्वारा जारी चालक लाइसेंस नंबर होना चाहिए। आपके द्वारा भरे गए मतदाता पंजीकरण फॉर्म में आपके सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक भी लिखने चाहिए। (धारा 115.155, RSMo)। यदि आपके पास चालक लाइसेंस या सामाजिक सुरक्षा नंबर नहीं है तो कृपया फॉर्म पर "कोई नहीं" लिखें। राज्य द्वारा आपको एक विशिष्ट पहचान नंबर जारी किया जाएगा। इस धारा के तहत प्रदान किए गए किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, मुद्रण या डाक लेबल में मतदाता का टेलीफोन नंबर और सामाजिक सुरक्षा नंबर शामिल नहीं किया जाएगा। (धारा 115.157, RSMo)।
**7. पार्टी का चयन।** यदि आप किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव, गुट बैठक या सम्मेलन में भाग लेना चाहते हैं तो आपको उस पार्टी के साथ पंजीकरण नहीं कराना होगा।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।
**9. हस्ताक्षर।** मिज़ूरी में मतदान करने के लिए, आपको होना चाहिए:
- अमेरिकी नागरिक होना
- मिज़ूरी का निवासी होना
- कम से कम 17-1/2 साल का होना (मतदान के लिए 18 साल)
- दोषसिद्ध अपराधी पाए जाने के बाद परिवीक्षा या पैरोल पर नहीं होना चाहिए, जबतक कि ऐसी परिवीक्षा या पैरोल से पूर्णतः मुक्त नहीं किया गया हो
- कुकर्म या मताधिकार से संबंधित कोई दोषसिद्ध अपराधी नहीं होना
- किसी विधि न्यायालय द्वारा अयोग्य करार नहीं दिया गया हो
- कारावास दंड के तहत कारावास में नहीं होना

**डाक पता:**
राज्य सचिव
P.O. Box 1767
Jefferson City, MO 65102-1767

## मोन्टाना

**अद्यतित: 11-07-2019**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — नियमित पंजीकरण के लिए चुनाव से 30 दिन पहले। यदि आप इस समय सीमा तक पंजीकरण नहीं कर पाते हैं तो आप अभी भी अपने काउंटी चुनाव कार्यालय या निर्दिष्ट स्थान में देर से पंजीकरण करके चुनाव में पंजीकरण और मतदान कर सकते हैं। चुनाव के दिन मतदान समापन के बाद किसी भी सही समय पर देर से पंजीकरण उपलब्ध है, चुनाव के पहले दोपहर से लेकर 5:00 बजे शाम को छोड़कर।

**6. पहचान नंबर।** आपको अपना मोन्टाना चालक लाइसेंस नंबर प्रदान करना चाहिए। यदि आपके पास मोन्टाना चालक लाइसेंस नंबर नहीं है तो आपको अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक सूचीबद्ध करने होंगे। यदि आपके पास न तो चालक लाइसेंस और न ही कोई सामाजिक सुरक्षा नंबर है तो कृपया फ़ॉर्म पर "कोई नहीं" लिखें और इसमें पहचान के निम्नलिखित वैकल्पिक

रूपों में से किसी एक की प्रतिलिपि को शामिल करें: आपके नाम के साथ कोई वर्तमान व मान्य फोटो पहचान जिसमें स्कूल डिस्ट्रिक्ट या पोस्ट सेकेंडरी शिक्षा फोटो पहचान या कोई आदिवासी फोटो पहचान शामिल है, लेकिन इस तक सीमित नहीं है; या कोई वर्तमान उपयोगिता बिल, बैंक स्टेटमेंट, पेचेक, सरकारी चेक, अथवा अन्य सरकारी दस्तावेज़ जिसमें आपका नाम व वर्तमान पता दिखाता हो।
**7. पार्टी का चयन।** मोन्टाना में किसी चुनाव में भाग लेने के लिए किसी पार्टी के साथ पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं है।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।
**9. हस्ताक्षर।** मोन्टाना में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:
- अमेरिकी नागरिक होना
- चुनाव तिथि को या पहले कम से कम 18 साल का होना
- मोन्टाना तथा उस काउंटी, जिसमें आप मतदान करना चाहते हैं, का अगले चुनाव से पहले कम से कम 30 दिन का निवासी होना
- अपराध दोष के लिए किसी दंडात्मक संस्था में नहीं होना
- न्यायालय द्वारा मनोरोगी करार नहीं दिया गया हो
- यदि आप मौजूदा इन शर्तों को पूरा नहीं करते हैं तो ये शर्तें अगले चुनाव के दिन तक पूरी की जानी चाहिए

**डाक पता:**
आप पूर्ण किए गए पंजीकरण फॉर्म को अपने स्थानीय काउंटी चुनाव कार्यालय में भेजें। मोन्टाना राज्य सचिव की वेबसाइट परकाउंटी संपर्क जानकारी पायी जा सकती है: https://sosmt.gov/Portals/142/Elections/Forms/electionadministrators.pdf. यदि आपको अपना काउंटी चुनाव कार्यालय खोजने में परेशानी हो रही है तो आप सहायता के लिए (888) 884-8683 या (406) 444-9608, अथवा ईमेल soselections@mt.gov पर मोन्टाना राज्य चुनावसचिव और मतदाता सेवा प्रभाग से संपर्क करें।
(ध्यान दें: आप पंजीकरण को मोन्टाना राज्य सचिवकार्यालय में भेज सकते हैं। हालांकि, संभावित देरी से बचने के लिए, हम आपको पूर्ण किया गया मतदाता पंजीकरण आवेदन को सीधे अपने काउंटी चुनाव कार्यालय में भेजने की सलाह देते हैं।)

राज्य सचिव कार्यालय
P.O. Box 202801
Helena, MT 59620-2801

## नेब्रास्का

**अद्यतित: 03-08-2018**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से पहले तीसरे शुक्रवार (या चुनाव के पहले दूसरे शुक्रवार को शाम 6 बजे तक सुपुर्द किया जाना चाहिए)।

**6. पहचान नंबर।** आपको नेब्रास्का का चालक लाइसेंस नंबर प्रदान करना चाहिए। यदि आपके पास नेब्रास्का का चालक लाइसेंस नहीं है तो आपको अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक लिखने चाहिए।
**7. पार्टी का चयन।** यदि आप किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव, गुट बैठक या सम्मेलन में भाग लेना चाहते हैं तो आपको उस पार्टी के साथ पंजीकरण कराना होगा।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।
**9. हस्ताक्षर।** नेब्रास्का में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:
- अमेरिकी नागरिक होना
- नेब्रास्का का निवासी होना
- कम से कम 18 साल का होना या नवंबर से पहले सोमवार के बाद, पहले मंगलवार को या उससे पहले 18 साल का होना
- किसी घोर अपराध का दोषी नहीं होना, अथवा यदि अपराधी है, तो आपके द्वारा किए गए अपराध के लिए, किसी पैरोल अवधि सहित, आपकी सजा पूरी होकर कम से कम दो वर्ष हो गए हैं
- आधिकारिक तौर पर, मानसिक अक्षम नहीं पाया गया हो

**डाक पता:**
नेब्रास्का राज्य सचिव
Suite 2300, State Capitol Bldg.
Lincoln, NE 68509-4608

## नेवाडा

**अद्यतित: 05-01-2020**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से मतदाता पंजीकरण की समय-सीमा किसी भी प्राथमिक या आम चुनाव से पहले की चौथी मंगलवार होती है। यह वह तिथि है जिसके तहत: (1) डाक द्वारा मतदाता पंजीकरण आवेदन डाक-चिह्नित होना चाहिए; या (2) किसी व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से काउंटी क्लर्क/मतदाता रजिस्ट्रार के कार्यालय में उपस्थित होना चाहिए। वेबसाइट www.RegisterToVoteNV.gov पर ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण की समय-सीमा, प्राथमिक या आम चुनाव से पूर्व की गुरुवार होती है। योग्य मतदाता जो मतदाता पंजीकरण की समय-सीमा से चूक गए हैं, वे मतदान स्थल पर, समय से पहले की मतदान के दौरान अथवा चुनाव के दिन किसी व्यक्ति को मतदान के लिए पंजीकृत कर सकते हैं।

**6. पहचान नंबर।** आपको नेवाडा का चालक लाइसेंस नंबर या नेवाडा का पहचान कार्ड नंबर प्रदान करना चाहिए यदि यह आपको जारी किया गया है। यदि आपके पास नेवाडा का चालक लाइसेंस नंबर या नेवाडा का पहचान कार्ड नंबर नहीं है तो आपको अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक लिखने चाहिए। यदि आपके पास सामाजिक सुरक्षा नंबर नहीं है तो कृपया विशिष्ट पहचान नंबर प्राप्त करने के लिए, अपने काउंटी क्लर्क/मतदाता रजिस्ट्रार से संपर्क करें।
**7. पार्टी का चयन।** यदि आप किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव, गुट बैठक या सम्मेलन में भाग लेना चाहते हैं तो आपको उस पार्टी के साथ पंजीकरण कराना चाहिए। यदि आप किसी गौण राजनीतिक पार्टी या गैर-पार्टी के रूप में पंजीकरण कराते हैं तो आपको प्राथमिक चुनाव के लिए एक गैर-पार्टी मतपत्र प्रदान किया जाएगा।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।
**9. हस्ताक्षर।** नेवाडा में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:
- अमेरिकी नागरिक होना;
- अगले चुनाव तिथि तक 18 साल का होना;
- नेवाडा राज्य में, अपने काउंटी में, अगले चुनाव से पहले कम से कम 30 दिन और

अपने उपक्षेत्र में कम से कम 10 दिन लगातार निवास किया हो;
- वर्तमान में किसी घोर अपराध के आरोप में कारावास की सजा नहीं काट रहा हैं;
- किसी विधि न्यायालय द्वारा मानसिक अक्षम घोषित नहीं किए गए हों;
- किसी अन्य स्थान को अपना कानूनी निवास होने का दावा नहीं किया हो।

**17 वर्षीय व्यक्तियों के लिए पूर्व पंजीकरण** — वह व्यक्ति जिसकी आयु 17 वर्ष या उससे अधिक है, लेकिन 18 वर्ष से कम है और नेवाडा में मतदान करने के लिए अन्य सभी योग्यताओं को पूरा करता है, वह किसी व्यक्ति के लिए उपलब्ध साधनों का उपयोग करके मतदान करने के लिए पूर्व-पंजीकरण कर सकता है। वह व्यक्ति जो मतदान करने के लिए पहले से पंजीकृत है, अपने 18वें जन्मदिन पर स्वतः एक पंजीकृत मतदाता बन जाता है।

**अपराध दोषसिद्धि**— कोई भी नेवाडा निवासी जिसे किसी घोर अपराध के लिए दोषी ठहराया जाता है, को कारावास से व्यक्ति की रिहाई पर मतदान अधिकार तत्काल बहाल किया जाता है। व्यक्ति द्वारा अपेक्षित कोई प्रतीक्षा अवधि या कार्यवाही नहीं है। मतदान के अधिकारों की बहाली कारावास से व्यक्ति की रिहाई पर स्वत: व तत्काल होती है, भले ही अपराध की श्रेणी की परवाह किए बगैर या चाहे वह व्यक्ति अभी भी पेरोल या परिवीक्षा पर हो। मतदान के अधिकार की बहाली के बारे में अधिक जानकारी, नेवाडा राज्य सचिव की वेबसाइट: www.nvsos.gov पर देखी जा सकती है।

**डाक पता:**

राज्य सचिव, चुनाव प्रभाग
101 North Carson Street
Suite 3
Carson City, NV 89701-4786

आवेदन को राज्य सचिव के उपरोक्त पते पर स्थित कार्यालय में जमा किया जा सकता है, परंतु संभावित देरी से बचने के लिए, आपको अपना भरा गया मतदाता पंजीकरण आवेदन सीधे अपने स्थानीय काउंटी चुनाव अधिकारी के पास जमा करने की सलाह दी जाती है।

**स्थानीय काउंटी पता:**
पंजीकरण की समय-सीमा को पूरा करने के लिए, विशेष रूप से डाक द्वारा पंजीकरण की समय-सीमा समाप्त होने से पहले दो सप्ताह के दौरान, पूर्ण किया गया आवेदन अपने संबंधित काउंटी क्लर्क/मतदाता रजिस्ट्रार के पास जमा करें। काउंटी क्लर्क/मतदाता रजिस्ट्रार और पंजीकरण समय-सीमा की पूरी सूची नेवाडा की वेबसाइट www.nvsos.gov पर उपलब्ध है।

## न्यू हैम्पशायर

**अद्यतित: 03-01-2006**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — न्यू हैम्पशायर शहर एवं नगर क्लर्क यह आवेदन उनका खुद का मतदाता मेल-इन पंजीकरण फॉर्म नहीं होने के संबंध में अनुरोध के तौर पर स्वीकार करेंगें जो आपके शहर या नगर क्लर्क को चुनाव से 10 दिन पहले मिल जाना चाहिए।

न्यू हैम्पशायर शहर एवं नगर क्लर्क यह आवेदन उनका खुद का मतदाता मेल-इन पंजीकरण फॉर्म नहीं होने के संबंध में अनुरोध के तौर पर स्वीकार करेंगें। आपको केवल बॉक्स 1 व 2 अथवा बॉक्स 3 को भरने की जरूरत है।

आवेदन आपके शहर या नगर क्लर्क को आपके जिप कोड पर भेजा जाना चाहिए। ये पते राज्य सचिव की वेबसाइट www.state.nh.us/sos/clerks.htm पर सूचीबद्ध किए गए हैं:

यह पर्याप्त समय पहले आपके शहर या नगर क्लर्क को भेजा जाना चाहिए जो आपको अपने स्वयं का फॉर्म भेजेंगे और आपको वह फॉर्म उनको चुनाव से कम से कम 10 दिन पहले लौटाना होगा।

## न्यू जर्सी

**अद्यतित: 03-28-2008**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से 21 दिन पहले।

**6. पहचान नंबर।** मतदाता पंजीकरण कराने के लिए आपके सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक या आपका न्यू जर्सी चालक लाइसेंस नंबर की जरूरत होगी। यदि आपके पास इनमें से कोई भी पहचान नहीं है तो कृपया फॉर्म पर "कोई नहीं" लिखें। राज्य आपको एक नंबर जारी करेगा जो मतदाता पंजीकरण उद्देश्यों के लिए आपकी पहचान का काम करेगा।

**7. पार्टी का चयन।** न्यू जर्सी का मतदाता पंजीकरण फॉर्म राजनीतिक पार्टी संबद्धता को चिन्हित नहीं करता है। नया पंजीकृत मतदाता या ऐसा मतदाता जिसने राजनीतिक पार्टी के प्राथमिक चुनाव में कभी मतदान नहीं किया है, प्राथमिक चुनाव के दिन मतदान स्थल पर पार्टी संबद्धता की घोषणा कर सकता है। न्यू जर्सी में, प्राथमिक चुनाव केवल डेमोक्रेटिक तथा रिपब्लिकन पार्टियों के लिए आयोजित किया जाता है। मतदाता राजनीतिक पार्टी का सदस्य बनने के लिए राजनीतिक पार्टी घोषणा-पत्र भी दाखिल कर सकता है। यदि घोषित मतदाता पार्टी की संबद्धता को बदलना चाहता है तो उसको मतदान के लिए घोषणा फॉर्म, प्राथमिक चुनाव से 50 दिन पहले, जमा करना चाहिए।

**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।

**9. हस्ताक्षर।** न्यू जर्सी में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:
- अमेरिकी नागरिक होना
- अगले चुनाव तक, कम से कम 18 साल का होना
- अगले चुनाव से कम से कम 30 दिन पहले, अपने पते पर इस राज्य और काउंटी का निवासी होना
- इस राज्य या किसी अन्य राज्य अथवा अमेरिकी कानून के तहत किसी आरोपित अपराध की सजा के फलस्वरूप कोई सजा नहीं भुगत रहे हों या पैरोल पर अथवा परिवीक्षा में नहीं हों

**डाक पता:**

न्यू जर्सी विधि तथा सार्वजनिक सुरक्षा विभाग, चुनाव प्रभाग
PO BOX 304
Trenton, NJ 08625-0304

## न्यू मेक्सिको

**अद्यतित: 03-01-2006**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से 28 दिन पहले।

**6. पहचान नंबर।** आपको अपना संपूर्ण सामाजिक सुरक्षा नंबर देना जरूरी है। यह पंजीकरण कार्ड जिसमें आपका सामाजिक सुरक्षा नंबर दिया गया है आपके अवस्थान के मतदाता पंजीकरण के स्थायी रिकॉर्ड का हिस्सा बन जाएगा, जिनका निरीक्षण जनता द्वारा काउंटी क्लर्क के कार्यालय में किया जा सकता है। तथापि, आपके सामाजिक सुरक्षा नंबर और जन्मतिथि गोपनीय रहेंगे तथा सार्वजनिक नहीं किए जाएंगे। सीमित मतदाता पंजीकरण सूचना (सामाजिक सुरक्षा नंबर या जन्मतिथि के बिना) की कम्प्यूटरीकृत सूचियां आम जनता के लिए उपलब्ध हैं तथा चुनाव कार्यालय पदधारकों, उम्मीदवारों, राजनीतिक पार्टियों, न्यायालयों तथा मतदाता प्रतिभागिता एवं पंजीकरण को बढ़ावा देने वाले लाभ-निरपेक्ष संगठनों के अनुरोध पर केवल राजनीतिक प्रयोजनों हेतु दिए जाएंगे।(§1-5-19B, NMSA 1978)।
**7. पार्टी का चयन।** यदि आप किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव, गुट बैठक या सम्मेलन में हिस्सा लेना चाहते हैं तो आपको उस पार्टी के साथ पंजीकरण कराना होगा।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।
**9. हस्ताक्षर।** न्यू मेक्सिको में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:
- अमेरिकी नागरिक होना
- न्यू मेक्सिको राज्य का निवासी होना
- अगले चुनाव तक, 18 साल का होना
- आपको विधि-न्यायालय द्वारा मानसिक अक्षमता के कारण मताधिकार से वंचित नहीं किया गया हो और अगर आप किसी कुकर्म के अपराधी हैं तो आप परिवीक्षा या पैरोल की सभी शर्तें पूरी कर चुके हों, पूरी सजा भुगत चुके हों या राज्यपाल द्वारा आपको क्षमादान दिया गया हो।

**डाक पता:**
चुनाव ब्यूरो
325 Don Gaspar, Suite 300
Santa Fe, NM 87503

## न्यूयार्क

**अद्यतित: 06-19-2014**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से 25 दिन पहले।

**6. पहचान नंबर।** संघीय कानून अपेक्षा करता है कि आपको मतदान हेतु पंजीकरण कराने के लिए अपना चालक लाइसेंस नंबर देना चाहिए। यदि आपके पास चालक लाइसेंस नंबर नहीं है तो आपको अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक देने चाहिए। यदि आपके पास दोनों नहीं हैं तो कृपया फॉर्म पर “कोई नहीं” लिखें। आपके राज्य द्वारा आपको एक विशिष्ट नंबर जारी किया जाएगा।
**7. पार्टी का चयन।** यदि आप किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव या गुट बैठक में मतदान करना चाहते हैं तो आपको उस पार्टी के साथ पंजीकरण करवाना चाहिए।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।
**9. हस्ताक्षर।** न्यूयार्क में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:
- अमेरिकी नागरिक होना
- चुनाव से कम से कम 30 दिन पहले, काउंटी या न्यूयार्क सिटी का निवासी होना
- उस साल के 31 दिसम्बर तक, 18 साल का होना जिस साल में आप यह फॉर्म भर रहे हैं (*ध्यान रखें:* जिसमें आपको मतदान करना है उस आम, प्राथमिक या अन्य चुनाव की तिथि तक 18 साल का होना)।
- किसी कुकर्म की सजा के लिए जेल में या पैरोल पर नहीं होना
- वर्तमान में किसी न्यायालय के सक्षम अधिकारी द्वारा अक्षम करार नहीं दिया गया हो
- किसी अन्य स्थान पर मताधिकार का दावा नहीं करना

**डाक पता:**
NYS चुनाव बोर्ड
40 North Pearl Street, Suite 5
Albany, NY 12207-2729

## नॉर्थ कैरोलिना

**अद्यतित: 03-01-2006**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से 25 दिन पहले, डाक द्वारा मुहर लगे अथवा चुनाव के 25 दिन पहले, शाम 5.00 बजे तक चुनाव कार्यालय में अथवा नामांकित चुनाव मतदाता पंजीकरण एजेन्सी की साइट पर प्राप्त किया जा चुका हो।

**6. पहचान नंबर।** आपको नॉर्थ कैरोलिना चालक लाइसेंस नंबर या नॉर्थ कैरोलिना विभाग का मोटर वाहन पहचान नंबर देना चाहिए। यदि आपके पास चालक लाइसेंस नंबर नहीं है तो अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक लिखें।
**7. पार्टी का चयन।** यदि आप किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव में भाग लेना चाहते हैं तो आपको उस पार्टी के साथ पंजीकरण करवाना चाहिए, जबतक कि पार्टी इसके प्राथमिक चुनाव में असंबद्ध वोटरों को मतदान करने की अनुमति नहीं देती है। यदि आप किसी ऐसी पार्टी का नाम लिखते हैं जो योग्य नहीं है तो आप “असंबद्ध” करार दिए जाएंगे।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** आपको इस बॉक्स को भरना जरूरी है। तथापि, यदि आप इसे नहीं भर पाते हैं तो भी आपका आवेदन रद्द नहीं होगा। बॉक्स 8 (पेज 2 पर) के लिए आवेदन निर्देशों के तहत दिए गए विकल्पों की सूची देखें।
**9. हस्ताक्षर।** नॉर्थ कैरोलिना में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:
- अमेरिकी नागरिक होना
- नॉर्थ कैरोलिना और उस काउंटी का निवासी होना जिसमें आप चुनाव से पहले कम से कम 30 दिनों से रह रहे हैं
- अगले आम चुनाव की तिथि तक 18 साल का होना
- किसी अपराध की सजा के बाद, आपके नागरिक अधिकार बहाल किए जा चुके हों
- किसी अन्य राज्य या काउंटी में मतदान के लिए पंजीकृत नहीं हों

**डाक पता:**
राज्य चुनाव ब्यूरो
P.O. Box 27255
Raleigh, NC 27611-7255

## नॉर्थ डेकोटा

**अद्यतित: 03-01-2006**

नॉर्थ डेकोटा में मतदाता पंजीकरण नहीं है।

## ओहियो

**अद्यतित: 03-01-2006**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से 30 दिन पहले।

**6. पहचान नंबर।** आपसे अपना सामाजिक सुरक्षा नंबर देने का अनुरोध किया जाता है। इस सूचना के तहत चुनाव बोर्ड आपके पंजीकरण की अनिवार्यता की जांच करता है (O.R.C. 3503.14)। [संघीय कानून अपेक्षा करता है कि मतदान हेतु पंजीकरण कराने के लिए आपको अपना चालक लाइसेंस नंबर देना चाहिए। यदि आपके पास चालक लाइसेंस नंबर नहीं है तो आपको अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक देने होंगे। यदि आपके पास कोई भी नंबर नहीं है तो आपको फॉर्म पर "कोई नहीं" लिखना होगा तथा आपके राज्य द्वारा आपको एक नंबर जारी कर दिया जाएगा।]
**7. पार्टी का चयन।** यदि आप किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव में भाग लेना चाहते हैं तो आपको उस पार्टी के साथ पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं है। प्राथमिक चुनाव में मतदान करने से पार्टी की संबद्धता स्थापित हो जाती हैं।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।
**9. हस्ताक्षर।** ओहियो में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:
- अमेरिकी नागरिक होना
- ओहियो का निवासी होना
- अगले आम चुनाव की तिथि को या उससे पहले 18 साल का होना। यदि आप आम चुनाव की तिथि को 18 साल के होते हैं तो आप उम्मीदवारों के लिए केवल प्राथमिक चुनाव में मतदान कर सकते हैं।
- किसी कुकर्म के अपराधी या फिलहाल कैद में नहीं हों
- किसी न्यायालय द्वारा मतदान के लिए अक्षम नहीं पाए गए हों

**डाक पता:**
ओहियो राज्य सचिव, चुनाव प्रभाग
180 E. Broad Street — 15th Floor
Columbus, OH 43215

## ओक्लाहोमा

**अद्यतित: 09-19-2019**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से 25 दिन पहले।

**6. पहचान नंबर।** आपको इनमें से कोई एक नंबर प्रदान करना चाहिए: जैसे आपका वैध ओक्लाहोमा चालक लाइसेंस नंबर या राज्य का पहचान-पत्र नंबर अथवा आपके सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक।
**7. पार्टी का चयन।** यदि आप किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव में भाग लेना चाहते हैं तो आपको किसी पार्टी के साथ पंजीकृत होना चाहिए। ओक्लाहोमा में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की एक वर्तमान सूची ओक्लाहोमा राज्य चुनाव बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है। बिना किसी पार्टी संबद्धता वाले पंजीकृत मतदाताओं को मान्यता प्राप्त पार्टी द्वारा, पार्टी के निर्णय पर, प्राथमिक चुनाव में भाग लेने की अनुमति दी जा सकती है। आप यहां मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों और मतदाताओं को बिना किसी पार्टी संबद्धता के प्राथमिक में मतदान करने की अनुमति देने वाले पार्टियों की सूची पा सकते हैं: https://www.ok.gov/elections/Election_Info/Political_Party_info.html.
**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।
**9. हस्ताक्षर।** ओक्लाहोमा में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:
- आपको अमेरिकी नागरिक और ओक्लाहोमा राज्य का निवासी होना चाहिए।
- अगले चुनाव तिथि के दिन या उससे पहले आपकी आयु 18 साल होनी चाहिए।
- यदि किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया जाता है तो आपको अनिवार्य कैलेंडर दिनों में अदालत की सजा पूरी करनी होगी जिसमें कैद, पैरोल या संरक्षण का कोई भी कार्यकाल, अथवा किसी अदालत द्वारा आदेशित परिवीक्षा की अवधि शामिल है।
- अब आपको एक अक्षम व्यक्ति, अथवा आंशिक रूप से अक्षम व्यक्ति के रूप में मतदान हेतु पंजीकरण निषिद्ध के निर्णय के अधीन नहीं होना चाहिए।
- आपको मुद्रित, हस्ताक्षरित, दिनांकित मतदाता पंजीकरण आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदक का हस्ताक्षर असली, हस्तलिखित ऑटोग्राफ या चिह्न होना चाहिए। आवेदक की ओर से कोई अन्य हस्ताक्षर नहीं कर सकता है, और कोई भी प्रतिकृति, प्रतिलिपि, टंकण, इलेक्ट्रॉनिक या अन्य वैकल्पिक हस्ताक्षर, ऑटोग्राफ या चिह्न मान्य नहीं होगा।

**डाक पता:**
ओक्लाहोमा राज्य चुनाव बोर्ड
Box 528800
Oklahoma City, OK 73152-8800

## ओरेगान

**अद्यतित: 03-01-2006**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से 21 दिन पहले।

**6. पहचान नंबर।** संघीय कानून अपेक्षा करता है कि आपको मतदान के लिए पंजीकरण हेतु अपना चालक लाइसेंस नंबर देना चाहिए। यदि आपके पास चालक लाइसेंस नंबर नहीं है तो आपको अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक देने चाहिए। यदि आपके पास दोनों नहीं हैं तो कृपया फॉर्म पर "कोई नहीं" लिखें। आपके राज्य द्वारा आपको एक विशिष्ट नंबर जारी किया जाएगा।
**7. पार्टी का चयन।** यदि आप किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव में हिस्सा लेना चाहते हैं तो आपको उस पार्टी के साथ पंजीकरण करवाना होगा।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।
**9. हस्ताक्षर।** ओरेगान में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:
- अमेरिकी नागरिक होना
- ओरेगान का निवासी होना
- चुनाव की तिथि तक, 18 साल का होना

**डाक पता:**
राज्य सचिव, चुनाव प्रभाग
141 State Capitol
Salem, OR 97310-0722

## पेनसिल्वेनिया

**अद्यतित: 05-01-2020**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव या प्राथमिक से 15 दिन पहले।

**6. पहचान नंबर।** यदि आपके पास कोई चालक लाइसेंस नंबर है तो उसे आपको अवश्य प्रदान करना होगा। यदि आपके पास कोई चालक लाइसेंस नंबर नहीं है

तो आपको अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक प्रदान करना चाहिए। यदि आपके पास किसी प्रकार का कोई पहचान-पत्र नहीं है तो कृपया बॉक्स में "कुछ नहीं" लिखें।

**7. पार्टी का चयन।** यदि आप पार्टी के प्राथमिक चुनाव में भाग लेना चाहते हैं तो आपको किसी प्रमुख पार्टी के साथ पंजीकृत होना चाहिए।

**8. नस्ल या जातीय समूह।** आपसे इस बॉक्स को भरने का अनुरोध किया जाता है। बॉक्स 8 (पेज 2 पर) के लिए आवेदन निर्देशों के तहत दिए गए विकल्पों की सूची देखें।

**9. हस्ताक्षर।** पेनसिल्वेनिया में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:

- अगले चुनाव से कम से कम 30 दिन पहले, अमेरिकी नागरिक होना
- चुनाव से कम से कम 30 दिन पहले, पेनसिल्वेनिया तथा अपने चुनाव जिले का निवासी होना
- अगले चुनाव तिथि तक, 18 साल का होना

**डाक पता:**

राष्ट्रमंडल सचिव कार्यालय
210 North Office Bldg.
Harrisburg, PA 17120-0029

आप वेबसाइट register.votespa.com पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण भी कर सकते हैं।

## रोड आइलैंड

**अद्यतित: 09-03-2019**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से 30 दिन पहले।

**6. पहचान नंबर।** यदि आवेदक को एक चालू व वैध रोड आइलैंड चालक लाइसेंस या राज्य पहचान नंबर जारी किया गया है तो उसे अपने रोड आइलैंड चालक लाइसेंस या राज्य पहचान नंबर प्रदान करना होगा। आवेदक को वर्तमान व वैध रोड आइलैंड चालक लाइसेंस या राज्य पहचान नंबर जारी नहीं किए जाने की स्थिति में, उन्हें अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार(4) अंक प्रदान करने होंगे। जिस आवेदक के पास उपरोक्त दोनों में से कोई नहीं है तो उसे रोड आइलैंड राज्य द्वारा एक विशिष्ट पहचान नंबर जारी किया जाएगा।

**7. पार्टी का चयन।** रोड आइलैंड में, किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति को उस पार्टी के साथ पंजीकृत होना चाहिए। पंजीकरण के दौरान, यदि कोई व्यक्ति पंजीकरण करवाने में विफल रहता है तो वह उस पार्टी के प्राथमिक चुनाव के दिन पंजीकरण करवा सकता है तथा उस पार्टी के प्राथमिक चुनाव में भाग ले सकता है। यदि कोई व्यक्ति पार्टी में पंजीकरण नहीं करवाता है तो वह भी आम चुनावों तथा गैर-पार्टी प्राथमिक चुनावों में भाग ले सकता है।

**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।

**9. हस्ताक्षर।** रोड आइलैंड में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:

- अमेरिकी नागरिक होना
- अगले चुनाव से पहले, कम से कम 30 दिन के लिए, रोड आइलैंड का निवासी होना
- कम-से-कम 16 साल का हो (आपको मतदान करने के लिए 18 साल का अवश्य होना चाहिए)
- किसी कुकर्म की सजा के कारण वर्तमान में सुधार सुविधा में कैद नहीं होना
- कानूनी अदालत द्वारा मानसिक रूप से अक्षम होने के लिए वैध रूप से न्याय नहीं किया गया है

**डाक पता:**

रोड आइलैंड राज्य चुनाव बोर्ड
50 Branch Ave.
Providence, RI 02904-2790

## साउथ कैरोलिना

**अद्यतित: 05-01-2021**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से 30 दिन पहले।

**6. पहचान नंबर।** आपको कम-से-कम अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक प्रदान करने चाहिए। आप स्वैच्छिक आधार पर अपना पूर्ण सामाजिक सुरक्षा नंबर प्रदान कर सकते हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त सामाजिक सुरक्षा नंबर किसी भी रिपोर्ट पर नहीं प्रदर्शित नहीं होता है और न ही इसे किसी अनधिकृत व्यक्ति को जारी किया जाता है। (साऊथ कैरोलिना शीर्षक 7-5-170)

**7. पार्टी का चयन।** यदि आप किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव, गुट बैठक या सम्मेलन में भाग लेना चाहते हैं तो आपको उस पार्टी के साथ पंजीकरण करवाने की जरूरत नहीं है।

**8. नस्ल या जातीय समूह।** आपको यह बॉक्स भरना होगा। तथापि, यदि आप ऐसा करने में असफल रहते हैं तो आपका आवेदन रद्द किया जा सकता है। बॉक्स 8 (पेज 2 पर) के लिए आवेदन निर्देशों के तहत दिए गए विकल्पों की सूची देखें।

**9. हस्ताक्षर।** साउथ कैरोलिना में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:

- अमेरिकी नागरिक होना
- अगले आम चुनाव की तिथि को या उससे पहले 18 साल का होना
- साउथ कैरोलिना, अपने काउंटी व उपक्षेत्र का निवासी होना
- कोई अपराध की सजा के फलस्वरूप किसी जेल में बंद नहीं होना
- कभी किसी कुकर्म या चुनाव कानूनों के अपराध का दोषी नहीं पाया गया हो, या अगर पहले दोषी पाया गया है तो अपनी पूरी सजा काट चुका हो, जिसमें परिवीक्षा या पैरोल शामिल है, या अपराध के लिए क्षमादान मिल चुका हो
- आप मानसिक रूप से अक्षम घोषित करने वाले न्यायालय आदेश के तहत नहीं हों
- अपने आवेदनों पर पता का दावा अपने एकमात्र कानूनी निवास के तौर पर किया जाना चाहिए तथा किसी अन्य जगह को अपना कानूनी निवास होने का दावा नहीं किया जाना चाहिए

**डाक पता:**

राज्य चुनाव आयोग
P.O. Box 5987
Columbia, SC 29250-5987

## साउथ डेकोटा

**अद्यतित: 03-01-2006**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से 15 दिन पहले प्राप्त।

**6. पहचान नंबर।** आपको अपना चालक लाइसेंस नंबर देने का अनुरोध किया जाता है। यदि आपके पास कोई वैध चालक लाइसेंस

नहीं है तो आप अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक प्रदान करें।
**7. पार्टी का चयन।** यदि आप किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव, गुट बैठक या सम्मेलन में हिस्सा लेना चाहते हैं तो आपको उस पार्टी के साथ पंजीकरण करवाना जरूरी है।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।
**9. हस्ताक्षर।** साउथ डेकोटा में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:
- अमेरिकी नागरिक होना
- साउथ डेकोटा का निवासी होना
- अगले चुनाव तक, कम से कम 18 साल का होना
- आप किसी अपराध दोषसिद्धि के कारण वर्तमान में किसी दंड को नहीं भुगत रहे हों जिसमें वयस्क सुधारगृह प्रणाली के तहत कैद, सेवारत या निलंबन शामिल हो
- आपको किसी न्यायालय द्वारा मानसिक रूप से अक्षम नहीं ठहराया गया हो

**डाक पता:**
चुनाव, राज्य सचिव
500 E. Capitol
Pierre, SD 57501-5070

## टेनेसी

**अद्यतित: 05-01-2020**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से 30 दिन पहले।

**6. पहचान नंबर।** आपको अपना संपूर्ण सामाजिक सुरक्षा नंबर देना चाहिए। सामाजिक सुरक्षा नंबर, यदि कोई है, जो पहचान के लिए और दोहरे पंजीकरण से बचने के प्रयोजनार्थ जरूरी होता है (TCA 2.2.116)।
**7. पार्टी का चयन।** यदि आप किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव, गुट बैठक या सम्मेलन में हिस्सा लेना चाहते हैं तो आपको उस पार्टी के साथ पंजीकरण की करवाने की जरूरत नहीं है।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** वैकल्पिक।
**9. हस्ताक्षर।** टेनेसी में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:
- अमेरिकी नागरिक होना
- टेनेसी का निवासी होना
- अगले चुनाव तिथि को या उससे पहले 18 साल का होना
- घोर अपराध के लिए दोषी नहीं ठहराया गया है, लेकिन अगर दोषी ठहराया गया है तो पंजीकरण और मतदान करने के लिए आपकी पात्रता उस अपराध जिसके लिए आपको दोषी ठहराया गया था और दोषी ठहराने की तिथि पर निर्भर करती है। इस प्रक्रिया के बारे में अधिक जानकारी के लिए, 877-850-4959 पर कॉल करें अथवा वेबसाइट https://sos.tn.gov/restoration देखें। यदि आपकी सजा समाप्त कर दी गयी है तो आपको अपराध का दोषी नहीं माना जाएगा।
- आप सक्षम क्षेत्राधिकार वाले किसी न्यायालय द्वारा अक्षम नहीं ठहराए गए हों (अथवा कानूनी क्षमता पुनः बहाल की गई हो)

**डाक पता:**
चुनाव समन्वयक
Tennessee Tower, Seventh Floor
312 Rosa L. Parks Ave.
Nashville, TN 37243-1102

## टेक्सास

**अद्यतित: 03-01-2006**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से 30 दिन पहले।

**6. पहचान नंबर।** आपको मतदान हेतु पंजीकरण के लिए अपना चालक लाइसेंस नंबर देना चाहिए। यदि आपके पास चालक लाइसेंस नहीं है तो आप अपनी सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक प्रदान करें। यदि आपके पास इन दोनों में से कोई भी नहीं है तो कृपया फॉर्म पर "कोई नहीं" लिखें। इसके बदले में, आपके राज्य द्वारा आपको एक विशिष्ट पहचान नंबर जारी किया जाएगा ।
**7. पार्टी का चयन।** यदि आप किसी पार्टी के प्राथमिक चुनाव, गुट बैठक या सम्मेलन में हिस्सा लेना चाहते हैं तो आपको उस पार्टी के साथ पंजीकरण करवाने की जरूरत नहीं है।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।
**9. हस्ताक्षर।** टेक्सास में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:
- अमेरिकी नागरिक होना
- आपको उस काउंटी के निवासी होना जिसमें पंजीकरण के लिए आवेदन किया गया है
- आपको कम से कम 17 साल 10 माह का होना (आपको चुनाव के लिए 18 साल के होने चाहिए)
- आपकी किसी आपराधिक कुकर्म हेतु दोषसिद्धि नहीं हुई हो, और यदि आप दोषसिद्ध अपराधी हैं तो आपने अपना दंड पूर्णतः भुगत लिया हो जिसमें कैद, पैरोल, पर्यवेक्षण, परिवीक्षा की अवधि या क्षमादान शामिल हैं
- आप किसी विधि न्यायालय के अंतिम निर्णय में मानसिक रूप से अक्षम घोषित नहीं किए गए हों

**डाक पता:**
राज्य सचिव कार्यालय
चुनाव प्रभाग
P.O. Box 12060
Austin, TX 78711-2060

## यूटा

**अद्यतित: 09-19-2019**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — पंजीकरण की समय-सीमा अलग-अलग हो सकती है:

• डाक द्वाराः चुनाव से 30 दिन पहले पंजीकरण फॉर्म डाकघर से प्राप्ति के रूप में मुहर या निशान लगे होने चाहिए।

• व्यक्तिगत रूप सेः चुनाव से 7 दिन पहले काउंटी क्लर्क कार्यालय में पंजीकरण फॉर्म जमा किए जा सकते हैं।

• ऑनलाइन: चुनाव से 7 दिन पहले पंजीकरण प्रस्तुत किए जाने चाहिए। इसके लिए एक वैध यूटा चालक लाइसेंस या वैध यूटा पहचान-पत्र की आवश्यकता है।

• चुनाव के दिन: मतदाता प्रारंभिक मतदान अवधि के दौरान अथवा एक अनंतिम मतपत्र को भरकर चुनाव दिवस पर पंजीकरण कर सकते हैं।

**6. पहचान नंबर।** आपके पूर्ण मतदाता पंजीकरण फॉर्म में निम्नलिखित में से कोई एक होना चाहिए: यूटा चालक लाइसेंस नंबर, यूटा राज्य पहचान नंबर, या आपके सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक। यदि आपके पास यूटा चालक लाइसेंस या यूटा राज्य पहचान-पत्र नहीं है तो कृपया निर्दिष्ट स्थान में "कोई नहीं" लिखें और अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक भरें।
**7. पार्टी का चयन।** मतदान हेतु पंजीकरण कराने के लिए किसी पार्टी की घोषणा करना आवश्यक नहीं है। तथापि, यूटा के चुनाव कानून प्रत्येक राजनीतिक पार्टी को उन व्यक्तियों को चुनने की अनुमति देते हैं जिन्हें वह अपने प्राथमिक चुनाव में मतदान करने की अनुमति देंगे। यदि आप किसी पार्टी से संबद्धता नहीं रखते हैं तो आपको प्राथमिक चुनाव में मतदान करने से रोका जा सकता है।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।
**9. हस्ताक्षर।** यूटा में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:
- अमेरिकी नागरिक होना
- अगले चुनाव से ठीक पहले 30 दिनों के लिए यूटा में निवास किया हो
- अगले चुनाव के दिन या उससे पहले कम-से-कम 18 साल का हो (16 व 17 साल के व्यक्ति मतदान करने के लिए पूर्व-पंजीकरण कर सकते हैं; यदि 17 साल के व्यक्ति आम चुनाव के दिन या उससे पहले 18 साल के हो जाते हैं तो वे पूर्व-पंजीकरण कर सकते हैं और प्राथमिक चुनाव में वोट कर सकते हैं)
- वर्तमान में किसी प्रकार की गुंडागर्दी के लिए दोषी पाया गया अपराधी न हो
- नागरिक अधिकारों के बहाल होने तक, वैकल्पिक मताधिकार के विरूद्ध देशद्रोह या अपराध का दोषी नहीं पाया गया हो
- किसी कानूनी अदालत द्वारा मानसिक रूप से अक्षम नहीं पाया गया हो
- वर्तमान में मतदान होने वाले जिले या चुनावी उपक्षेत्र में रहता हो जिसमें आप मतदान के लिए पंजीकरण करते हैं

**डाक पता:**
लेफ्टिनेंट गवर्नर कार्यालय
P.O. Box 142325
Salt Lake City, UT 84114

## वर्मोन्ट

**अद्यतित: 09-19-2019**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से पहले के बुधवार को शाम 5.00 बजे से पहले टाउन क्लर्क को सुपुर्द किया गया।

**6. पहचान नंबर।** आपको वर्मोन्ट का अपना चालक लाइसेंस नंबर प्रदान करना चाहिए, और यदि नहीं है तो आपको अपनी सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक प्रदान करने चाहिए। यदि आपके पास वर्मोन्ट का चालक लाइसेंस नंबर या सामाजिक सुरक्षा नंबर नहीं हैं तो कृपया फॉर्म पर "कोई नहीं" लिखें। राज्य सचिव कार्यालय द्वारा आपको एक विशिष्ट पहचान नंबर जारी किया जाएगा।
**7. पार्टी का चयन।** वर्मोन्ट में किसी भी चुनाव में भाग लेने के लिए, पार्टी के साथ पंजीकरण करवाने की आवश्यकता नहीं है।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** आवश्यक नहीं है।
**9. हस्ताक्षर।** वर्मोन्ट में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:
- अमेरिकी नागरिक होना
- वर्मोन्ट का निवासी होना
- चुनाव तिथि को या उससे पहले 18 साल का होना
- आपने निम्नलिखित शपथ ली होः आप सत्यनिष्ठा से शपथ लेते हैं (या प्रतिज्ञान करते हैं) कि जब भी आप वर्मोन्ट राज्य से संबंधित किसी विषय में अपना मतदान करेंगे या मताधिकार का प्रयोग करेंगे तो आप किसी व्यक्ति के भय या पक्षपात के बिना, संविधान द्वारा स्थापित रूप में, आप इसे इस रूप में करेंगे जो आप अपनी अंतरात्मा के अनुसार, इसकी सर्वोत्तम भलाई के लिए अनुकूल समझेंगे [मतदाता की शपथ, वर्मोन्ट संविधान, अध्याय 2, धारा 42]।

बॉक्स नंबर 9 में हस्ताक्षर करके, आप यह अभिप्रमाणित करते हैं कि आपने ऊपर मुद्रित वर्मोन्ट मतदाता की शपथ ले ली है या प्रतिज्ञान कर लिया है।

**डाक पता:**
राज्य चुनाव प्रभाग
सचिव कार्यालय
128 State Street
Montpelier, VT 05633-1101

## वर्जिनिया

**अद्यतित: 09-19-2019**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि** — चुनाव से 22 दिन पहले डाक द्वारा मुहर लगे या सुपुर्द होने चाहिए।

**6. पहचान नंबर।** आपको अपना संपूर्ण सामाजिक सुरक्षा नंबर देना चाहिए। आपका सामाजिक सुरक्षा नंबर, मतदाता पंजीकरण व चुनाव अधिकारियों द्वारा केवल आधिकारिक प्रयोग के लिए, और न्यायालयों द्वारा जूरी चयन उद्देश्यों के लिए तैयार किए गए प्रतिवेदनों में दर्शायी जाएगी। अनुच्छेद II, §2, वर्जिनिया का संविधान (1971)।
**7. पार्टी का चयन।** खाली छोड़ दें।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।
**9. हस्ताक्षर।** वर्जिनिया में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:
- अमेरिकी नागरिक होना
- आपको वर्जिनिया और उस इलाके का निवासी होना जिसमें आप मतदान करना चाहते हैं
- अगले मई या नवंबर के आम चुनाव तक, 18 साल का होना
- आप किसी अपराध के लिए दोषसिद्ध नहीं हुए हों, और यदि हुए हों तो आपके नागरिक अधिकार पुनः बहाल किए जा चुके हों।
- आप किसी विधि न्यायालय द्वारा वर्तमान में, मानसिक रूप से, अक्षम नहीं घोषित किए गए हों

**डाक पता:**
वर्जिनिया राज्य चुनाव बोर्ड
1100 Bank Street, 1st floor
Richmond, VA 23219

## वाशिंगटन

**अद्यतित: 9-19-2019**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि —** चुनाव अधिकारी द्वारा ऑनलाइन और डाक पंजीकरण फॉर्म, चुनाव शुरू होने से 8 दिन पहले, अवश्य प्राप्त करना चाहिए। व्यावसायिक घंटों के दौरान, किसी भी समय और चुनाव के दिन रात 8:00 बजे से पहले, व्यक्तिगत रूप से पंजीकरण करें।

**6. पहचान नंबर।** आपको अपने वाशिंगटन का चालक लाइसेंस या पहचान कार्ड नंबर प्रदान करना चाहिए। यदि आपके पास वाशिंगटन का चालक लाइसेंस या पहचान कार्ड नहीं है तो आपको अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक प्रदान करने चाहिए। इस जानकारी को प्रदान नहीं करने पर आपके पंजीकरण को संसाधित होने से रोका जा सकता है।
**7. पार्टी का चयन।** वाशिंगटन में पंजीकरण कराने के लिए, आपको किसी पार्टी के साथ संबद्धता का उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं है।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।
**9. हस्ताक्षर।** वाशिंगटन में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:
- अमेरिकी नागरिक होना
- चुनाव से पहले तत्काल 30 दिनों के लिए, वाशिंगटन राज्य, अपने काउंटी और उपक्षेत्र का एक कानूनी निवासी हो, जिस क्षेत्र में आप मतदान करना चाहते हैं
- चुनाव दिवस तक कम-से-कम 18 साल का हो
- वाशिंगटन अपराध दोषसिद्धि के लिए सुधार पर्यवेक्षण विभाग के अधीन नहीं हो
- • 16 व 17 साल के लोग भावी मतदाता के रूप में साइन अप कर सकते हैं और वे 18 साल होने पर मतदान के लिए स्वतः पंजीकृत हो सकते हैं

**डाक पता:**
राज्य सचिव
चुनाव प्रभाग
P.O. Box 40229
Olympia, WA 98504-0229

## वेस्ट वर्जिनिया

**अद्यतित: 09-12-2006**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि —** चुनाव से 21 दिन पहले।

**6. पहचान नंबर।** कृपया अपना चालक लाइसेंस नंबर प्रविष्ट करें। यदि आपके पास कोई चालक लाइसेंस नंबर नहीं है तो आप अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक प्रविष्ट करें। यदि आपके पास कोई चालक लाइसेंस नंबर या सामाजिक सुरक्षा नंबर नहीं हैं तो आपको एक पहचान नंबर प्रदान किया जाएगा।
**7. पार्टी का चयन।** यदि आप पार्टी के प्राथमिक चुनाव, गुट बैठक या सम्मेलन में हिस्सा लेना चाहते हैं तो आपको उस पार्टी के साथ पंजीकरण करवाना जरूरी है (जब तक आप किसी ऐसे पार्टी के बैलट के लिए अनुरोध नहीं कर रहे हों जो स्वतंत्र व्यक्तियों को मतदान करने की अनुमति देता हो)।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** खाली छोड़ दें।
**9. हस्ताक्षर।** वेस्ट वर्जिनिया में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:
- अमेरिकी नागरिक होना
- वेस्ट वर्जिनिया में उपर्युक्त पते पर रहते हों
- आप 18 साल के हों, या प्राथमिक चुनाव में मतदान के लिए 17 साल के हों और आम चुनाव से पहले 18 साल के होने वाले हों
- आप किसी आपराधिक कुकर्म, राजद्रोह या चुनाव संबंधी रिश्वतखोरी हेतु दोषी नहीं ठहराए गए हों, परिवीक्षाधीन या पैरोल पर नहीं हों।
- आपको सक्षम क्षेत्राधिकार वाले किसी न्यायालय द्वारा मानसिक रूप से अक्षम नहीं ठहराया गया हो।

**डाक पता:**
राज्य सचिव
Building 1, Suite 157-K
1900 Kanawha Blvd. East
Charleston, WV 25305-0770

## विस्कान्सिन

**अद्यतित: 08-31-2018**

**पंजीकरण की अंतिम तिथि —** चुनाव से कम-से-कम 20 दिन पहले की डाक-मुहर लगी होनी चाहिए; अथवा चुनाव से पहले के शुक्रवार को शहर, गांव या नगर क्लर्क के कार्यालय में शाम 5.00 बजे तक पूरा होना चाहिए; अथवा चुनाव के दिन मतदान स्थल पर पूरा किया जाना चाहिए।
**विस्कॉन्सिन ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण की भी अनुमति देता है** – अगर मतदाता के पास वर्तमान तथा मान्य विस्कॉन्सिन चालक लाइसेंस या राज्य द्वारा जारी पहचान कार्ड है तो चुनाव से 20 दिन पहले https://myvote.wi.gov पर जाएं।

**2. घर का पता।** आपको अपने मतदाता पंजीकरण फॉर्म सहित अपने पूर्ण प्रथम व अंतिम नाम और आवासीय पते के साथ एक निवास-प्रमाण दस्तावेज़ भेजना होगा, जैसे कि आपके वर्तमान व मान्य विस्कॉन्सिन चालक लाइसेंस या राज्य पहचान कार्ड, रीयल इस्टेट टैक्स बिल, यूटिलिटी बिल जो 90 दिनों से अधिक पुराना नहीं हो, बैंक स्टेटमेंट, पेचेक या पेस्टब, अथवा सरकार की किसी इकाई द्वारा जारी चेक या दस्तावेज़ की एक प्रति। पूर्ण सूची http://elections.wi.gov पर उपलब्ध है।
**6. पहचान नंबर।** आप अपने अनातीत विस्कॉन्सिन चालक लाइसेंस या DOT द्वारा जारी पहचान कार्ड नंबर प्रदान करें। यदि आपके पास वर्तमान और DOT द्वारा जारी मान्य चालक लाइसेंस या पहचान कार्ड नहीं है तो अपने सामाजिक सुरक्षा नंबर के अंतिम चार अंक प्रदान करें।
**7. पार्टी का चयन।** आवश्यक नहीं।
**8. नस्ल या जातीय समूह।** आवश्यक नहीं।
**9. हस्ताक्षर।** विस्कॉन्सिन में पंजीकरण कराने के लिए, निम्नलिखित जरूरी है:
- अमेरिकी नागरिक होना
- विस्कॉन्सिन का निवासी होना और पंजीकरण पते पर कम-से-कम 10 दिनों तक रहे हों
- कम-से-कम 18 साल का होना
- राजद्रोह, कुकर्म या रिश्वतखोरी में दोषी नहीं पाए गए हों, अथवा यदि पाए गए हों तो आपकी सजा या माफी पूरा हो जाने के बाद आपके नागरिक अधिकार बहाल किए गए हों
- किसी न्यायालय द्वारा चुनावी प्रक्रिया के उद्देश्य को समझने में अक्षम नहीं पाए गए हों
- चुनाव परिणाम के आधार पर आप कोई सट्टेबाजी नहीं करेंगे अथवा पारिश्रमिक लाभ प्राप्त नहीं करेंगे

- आपने समान चुनाव में किसी अन्य स्थान पर मतदान नहीं किया है।

**डाक पता:**
आप अपने पूर्ण पंजीकरण फॉर्म और अपने निवास-प्रमाण दस्तावेज़ की एक प्रति अपने नगरपालिका क्लर्क के कार्यालय में डाक द्वारा भेजें। आप यहां अपने नगरपालिका क्लर्क को खोज सकते हैं: https://myvote.wi.gov/en-US/MyMunicipalClerk

यदि आप अपने नगरपालिका क्लर्क का पता नहीं खोज पाते हैं तो आप इसे निम्नलिखित पते पर डाक द्वारा भेज सकते हैं:

विस्कॉन्सिन चुनाव आयोग
212 East Washington Avenue,
Third Floor
P.O. Box 7984
Madison, WI 53707-7984

(ध्यान दें: आवेदन को उपरोक्त पते पर विस्कॉन्सिन चुनाव आयोग कार्यालय में वापस लौटाए जा सकते हैं, लेकिन संभावित विलंब से बचने के लिए, आपको सलाह दी जाती है कि आप अपना पूर्ण मतदाता पंजीकरण आवेदन को सीधे अपने नगरपालिका क्लर्क के कार्यालय में वापस कर दें।)

## व्योमिंग

**अद्यतित: 03-01-2006**

कानून के तहत, राज्य विधि में बदलाव होने तक, व्योमिंग इस फॉर्म को स्वीकार नहीं कर सकता है।